पृथ्वीदान सरस्वती (विद्या) दान तथा तुला दान यह प्रशंसनीय दान कहे हैं, उनमें दो दान समान फलदायक हैं और सरस्वती अधिक कही है ।।४।। नित्य दुहनेवाली गाय, छत्र, वस्त्र, जूता, अन्नपान आदि सब दान मांगनेवालों को देने चाहिये ।।५।। जो संकल्प किया हुआ धन ब्राह्मणों को बिना पीड़ित हुए याचकों को दिया जाता है, मनुष्य उस दान से बुद्धिमान् होता है ।।६।। सुवर्ण, तिल, हाथी, कन्या, दासी, गृह, रथ, मणि तथा कपिला गायें ये दश महादान हैं ।।७।। ज्ञानी ब्राह्मण सदा इन सबों को ग्रहण करके शीघ्र ही दाताओं को तथा अपने आपको तारता है, इसमें कुछ संशय नहीं ।।८।। जो मनुष्य शुद्धचित्त से सुवर्ण दान करते हैं, देवता उनको सब कुछ चारों ओर से देते हैं, ऐसा मैंने सुना है ।।९।। अग्नि सब देवतामय कहा है और सुवर्ण अग्नि है, इस कारण सुवर्ण देकर मानो सब देवता दिये ।।१०।। पृथ्वी का दान महाश्रेष्ठ तथा सब कामनाओं के फल देनेवाला है, उसमें भी विशेष कर सुवर्ण की भूमि का दान अति श्रेष्ठ है, जिसे पहले राजा रघु ने किया था ।।११।। जो मनुष्य दान की हुई सुवर्णवती पृथ्वी को देखते

सर्वत्र व्याप्त हो रही है, देवता, दैत्य, मनुष्यों सहित सम्पूर्ण जगत् उनकी माया के आधीन है ।।१५।। उनके सहाय प्रबल मन से उत्पन्न होनेवाले कामदेव ने वीर विष्णुजी आदि प्रबल देवताओं को भी वशीभूत किया ।।१६।। हे मुनीश्वर! शिवजी की माया के प्रभाव से भगवान् विष्णुजी ने काम में मोहित होकर अनेक बार परस्त्री प्रसंग किया ।।१७।। इन्द्र देवताओं का स्वामी होकर गौतमजी की स्त्री पर मोहित होकर पाप करने लगे, तो उस दुष्टात्मा को गौतम मुनि ने शाप दिया ।।१८।। जगत् में श्रेष्ठ अग्नि भी शिवजी की माया से मोहित होकर गर्व से काम के वशीभूत हुए और फिर शिवजी ने ही उनका उद्धार किया ।।१९।। हे व्यासजी! जगत् के प्राण विष्णुजी भी शिवजी की माया से मोहित होने से काम के वशीभूत होने से परस्त्री में प्रेम करने लगे ।।२०।। तीव्र किरणोंवाले सूर्य भी शिवजी की माया से मोहित होकर काम में व्याकुल होकर घोड़ी को देखकर शीघ्र ही घोड़े का रूप धारण करनेवाले हुए ।।२१।। शिवजी की माया से मोहित हुए काम से व्याकुल चन्द्रमा ने भी गुरुपत्नी का हरण किया और शिवजी ने ही उनका उद्धार किया ।।२२।। पहले घोर तप में प्रवृत्त हुए मित्र और वरुण नामक दो मुनि भी शिवजी

7:33 PM

प्रबल देवताओं को भी वशीभूत किया ।।१६।। हे मुनीश्वर! शिवजी की माया के प्रभाव से भगवान् विष्णुजी ने काम में मोहित होकर अनेक बार परस्त्री प्रसंग किया ।।१७।। इन्द्र देवताओं का स्वामी होकर गौतमजी की स्त्री पर मोहित होकर पाप करने लगे, तो उस दुष्टात्मा को गौतम मुनि ने शाप दिया ।।१८।। जगत् में श्रेष्ठ अग्नि भी शिवजी की माया से मोहित होकर गर्व से काम के वशीभूत हुए और फिर शिवजी ने ही उनका उद्धार किया ।।१९।। हे व्यासजी! जगत् के प्राण विष्णुजी भी शिवजी की माया से मोहित होने से काम के वशीभूत होने से परस्त्री में प्रेम करने लगे ।।२०।। तीव्र किरणोंवाले सूर्य भी शिवजी की माया से मोहित होकर काम में व्याकुल होकर घोड़ी को देखकर शीघ्र ही घोड़े का रूप धारण करनेवाले हुए ।।२१।। शिवजी की माया से मोहित हुए काम से व्याकुल चन्द्रमा ने भी गुरुपत्नी का हरण किया और शिवजी ने ही उनका उद्धार किया ।।२२।। पहले घोर तप में प्रवृत्त हुए मित्र और वरुण नामक दो मुनि भी शिवजी की माया से मोहित होकर ।।२३।। तरुण (युवती) उर्वशी अप्सरा को देखकर वे दोनों काम से पीड़ित हुए, तब मित्र ने घड़े में अपना वीर्य छोड़ा और वरुण ने जल में छोड़ा ।।२४।। तब उस कुम्भ से मित्र के पुत्र वशिष्ठजी उत्पन्न हुए, वरुण से वडवानल के समान कान्तिवाले अगस्तजी उत्पन्न हुए ।।२५।। शिवजी की माया से मोहित हुए ब्रह्माजी के पुत्र दक्ष भी अपने भाइयों सहित वाणी के साथ भोग करने की इच्छावाले हुए ।।२६।। और ब्रह्माजी ने अनेक बार शिवजी की माया से मोहित होकर आसक्त हुई अपनी पुत्रियों से भोग करने की इच्छा की ।।२७।। शिवमाया से मोहित हुए महायोगी च्यवन ऋषि ने भी काम में आसक्त होकर अपनी कन्या में आसक्ति की ।।२८।। शिवमाया से मुग्ध होकर कश्यपजी ने भी काम के वश में होकर अज्ञान से धन्वा राजा की कन्या

7:47 PM

होते हैं ।।३४।। अपनी आशा से प्राप्त हुए भूख, प्यास, श्रम से व्याकुल हुए अभ्यागत और अनाथों को घर पर आये हुए स्वतन्त्रों को ।।३५।। अन्न की इच्छा करनेवाले वा दीनों को, बालक, वृद्ध, दुर्बल रोगियों पर जो मूर्ख दया नहीं करते हैं, वे नरक सागर में पड़ते हैं ।।३६।। घर में धन पडे रह जाते हैं, भाई बन्धु भी श्मशान से लौट आते हैं, जीव पुण्य और पाप का अनुगामी होकर जाता है ।।३७।। बकरी तथा भैंस का क्रय–विक्रय करनेवाला, समुद्र पर रहनेवाला, शूद्रा का पति शूद्र के समान क्षत्रिय वृत्ति करनेवाला नीच ब्राह्मण नरक गामी होता है ।।३८।। शिल्पी, बढ़ई, वैद्य, सुनार, राजा की पताका बनानेवाला, कपट छल से नौकरी करनेवाला यह सब नरक गामी कहे हैं ।।३९।। जो (योग्य) शास्त्र को उल्लंघन करके अपनी इच्छा से कर (महसूल) हरण कर लेता है तथा जो दण्ड की रुचिवाला मनुष्य है, यह नरक में दुःख भोगता है ।।४०।। जिस राजा के राज्य में प्रजा घूस लेनेवाले, अपनी इच्छानुसार क्रय करनेवाले तथा तस्करों से पीड़ित होती है, वह राजा भी नरक में पड़ता है ।।४१।। जो ब्राह्मण अन्याय में स्थित

गवां लक्षं छेदनं च हरिणानां द्विलक्षकम्।
चतुर्लक्षं शशानां च कूर्माणां च तथा कुरु॥६१॥
दशलक्षं छागलानां भेटानां तच्चतुर्गुणम्।
पर्वणि ग्रामदेव्यै च बलिं देहि च भक्तितः॥६२॥

एतेषां पक्वमांसं च भोजनार्थं च कारय। परिपूर्णं व्यञ्जनानां सामग्रीं कुरु भूमिप॥६३॥

एक सहस्त्र घृत की, १ हजार मधु की, १ हजार दधि की, १ हजार दुग्ध की, ५०० तैल की, दो लाख गुड़ की, पांच सौ चीनी की नहरें बनवायें। मिष्ठान्न के २००० ढेर, जौ-गेहूं के चूर्ण के सौ-सौ ढेर, चिवड़ा के ४ लाख ढेर, अन्य अन्न के चार लाख ढेर, १ लाख गौ, २ लाख हरिण, ४ लाख खरगोश, ४ लाख कच्छप, १० लाख बकरे, चालीस लाख भेड़, इनकी बलि पर्वकाल में ग्रामदेवी के समक्ष भक्ति से प्रदान करें। इनका पक्वमांस भोजनार्थ पाक करायें। हे राजन! सभी व्यंजन परिपूर्ण रहें। हे राजन! यह सब साम्रगी एकत्र करायें।।५८-६३।।

१. क. ०राठं।
२. मङ्गलश्चेति पाठान्तरम्।

भुवन तथा प्रमथासुर के युद्ध को देखा।।३८।। उन शुक्रजी ने सौ वर्ष पर्यन्त शिवजी के उदर में चारों ओर भ्रमण करते हुए उसमें इस प्रकार वह कोई रन्ध्र (छेद) नहीं देखा, जैसे खल पुण्यात्मा में दोष देखता है, तो भी नहीं देख पाता।।३९।। फिर वह भार्गव शिवजी के दिये योग से इस मन्त्र को जपकर शिवजी वीर्यरूप में शिवजी के उदरपंजर

से।।४०।। लिंग मार्ग से निकले और शिवजी को प्रणाम किया, तब पार्वती ने उनको पुत्ररूप से ग्रहण किया और विघ्न रहित किया।।४१।। लिंग में से वीर्यरूप निकले हुए शुक्र को देखकर दयासागर शिवजी हँसकर बोले।।४२।। शिवजी बोले– हे भृगु के पुत्र! जिस कारण कि तुम मेरे लिंग से वीर्यरूप में निकले हो, इस कर्म से तुम शुक्र नामवाले मेरे पुत्र हुए, अब जाओ।।४३।। सनत्कुमारजी बोले– शिवजी के ऐसा

हम दोनों का समर पूर्ण एक वर्ष तक होता रहा, हे कामिन! उसमें सब असुरों का नाश हो गया ।।२५।। ब्रह्माजी ने आकर दोनों में प्रीति करा दी, मैंने ब्रह्माजी के कहने से देवताओं को अधिकार दे दिये ।।२६।। मैं अपने घर चला आया और शिवजी शिवलोक को गये, सबको स्वस्थता हुई और उपद्रव दूर हुए ।।२७।। सनत्कुमारजी बोले– जगत्पति ने ऐसा कहकर शयन किया और रमापति ने उसके साथ विहार किया ।।२८।। तब वह साध्वी उस सर्वात्मारूप आकर्षणवाले रमण को देखकर तर्कना करने लगी और बोली– आप कौन है? ।।२९।। तुलसी बोली– आप कौन है? सत्य कहिये, आपने माया से मुझे भोगा है, आपने मेरा सतीपन दूर किया है, मैं आपको शाप देती हूँ ।।३०।। सनत्कुमारजी बोले– हे व्यासजी! तुलसी के वचन सुनकर शाप के भय से हरि ने लीला से अपनी मनोहर मूर्ति धारण की ।।३१।। तुलसी ने वह रूप देखकर और चिह्न से उन्हें जानकर अपना पतिव्रतधर्म भंग होने के कारण क्रोध करके कहा ।।३२।। तुलसी बोली– हे विष्णुजी! आप में दया नहीं है, आपका मन पाषाण के समान है, पतिव्रतधर्म भंग करके आपने मेरे स्वामी का वध कराया है ।।३३।। आप पाषाण के समान दयाहीन

4:32 PM

किया ।।१०।। साक्षात् भगवान् शिवजी जब कैलास पर आये, तब सब गण प्रसन्न होकर अनेक प्रकार के सुख मनाने लगे ।।११।। शिवजी के कैलास आने पर बड़ा महोत्सव हुआ, देवता बड़े प्रसन्न होकर अपने स्थानों में गये ।।१२।। तब महादेव शंकरजी शिवा गिरिजा से विवाह करके महा दिव्य मनोहर एकान्त स्थान में गये ।।१३।। पुष्प, चन्दन से चर्चित रति की बढ़ानेवाली सेज बनाकर, जो बड़ी अद्‌भुत थी और जिसमें सम्पूर्ण भोग की वस्तुएँ विद्यमान थीं ।।१४।। भगवान् शिवजी पार्वती सहित उस स्थान में रमण करने लगे और वह मान के देनेवाले देवताओं के सहस्र वर्ष तक विहार करते रहे ।।१५।। दुर्गा के अंग के स्पर्श मात्र से लीला से ही शिवजी मूर्छित हो गये और भगवती भी शिवजी के अंग स्पर्श से मूर्छित हो गई और दिन–रात कुछ नहीं जाना ।।१६।। जिस समय शिवजी भोग में प्रवृत्त हुए तब उनको बहुत समय भी क्षणमात्र के समान बीत गया ।।१७।। तब सब देवता एक समय इकट्ठे होकर इन्द्रादि के साथ सलाह करने लगे और सब एकत्र हुए ।।१८।। देवता बोले– ईश्वर शंकरजी ने हमारे निमित्त विवाह

4:25 PM

व्याकुल हो गये और शिवजी से यह शुक्राचार्यजी की सब बात कहीं।।५०।। वह सुनकर भगवान् रुद्र ने बड़ा क्रोध किया और बड़े भयंकर रौद्र रूप से दिशाओं को प्रज्ज्वलित करने लगे।।५१।। तब रुद्र के मुख से बड़ी भयंकर कृत्या उत्पन्न हुई, जिसकी ताल के समान जांघे थीं और जो स्तनों से वृक्षों को पीड़ित कर सकती थी।।५२।। हे मुनिसत्तम! वह बहुत शीघ्र ही युद्धभूमि में आकर प्राप्त हुई और महाअसुरों को भक्षण करती युद्धभूमि में विचरने लगी।।५३।। और वह युद्धभूमि में बड़े वेग से गमन करती हुई वहां पहुँची, जहां दैत्यश्रेष्ठ के साथ भृगुजी विद्यमान थे।।५४।। हे मुने! वह अपने तेज से आकाश और भूमि को व्याप्त करके और शुक्रजी को अपनी योनि में गुप्त करके आकाश में अन्तर्धान हो गई।।५५।। यह शुक्रजी की दशा देखकर बड़े मलीन मुख होकर दैत्य युद्धभूमि से युद्ध में दुर्मद हुए भी निकले।।५६।। तब गणों के भय से दैत्यों की सेना छिन्न-भिन्न होने लगी, जैसे वायु के वेग से हत होकर तृण

है।।४६।। भगवान् गरुड़ध्वज ने जगदम्बा के वह वचन सुनकर हाथ जोड़कर, सिर झुकाते हुए प्रणाम करके पार्वती से कहा।।४७।। श्रीभगवान् बोले– हे देवि! आपकी कृपा से वह वृत्तान्त मैंने जान लिया है, हे मातः! जो आप आज्ञा दे, सो मैं करने के लिये उपस्थित हूँ।।४८।। सनत्कुमारजी बोले– विष्णुजी के यह वचन सुनकर वह जगन्माता धर्मनीति सिखाती हुई बोलीं।।४९।। पार्वती बोलीं– जो मार्ग उस दैत्य ने खोल दिया है, उसीका अनुसरण उचित है, मेरी आज्ञा से आप उसकी स्त्री का पतिव्रतधर्म नष्ट करो, अब इसमें दोष न होगा।।५०।। हे रमेश्वर! अन्यथा वह दैत्य मारा न जायेगा, पृथ्वी पर पतिव्रतधर्म के समान दूसरा धर्म नहीं है।।५१।। सनत्कुमारजी बोले– यह आज्ञा पाते ही विष्णुजी उस आज्ञा को सिर पर धरकर जलन्धर के पुर में वैसा ही छल करने गये।।५२।।

इति श्रीशिवमहापुराणे द्वितीया रुद्रसंहितायां भाषायां
पञ्चम युद्धखण्डे जलन्धरयुद्धवर्णनं नाम द्वाविंशोऽध्यायः।। २२ ।।

7:59 PM

सुख देने वाला अद्भुत महोत्सव हुआ।।१२।। हे तात! उस समय वहां विस्मय करने वाला अद्भुत चरित्र हुआ, सो आपसे कहता हूँ, उसे सुनिये।।१३।। शंकरजी की माया दु:ख से जानने योग्य है, उसी ने चर-अचर मनुष्यों से युक्त संसार और देवताओं को मोहित कर रखा है।।१४।। जो मैं कपट के द्वारा पूर्व ही शंकरजी को मोहित करना चाहता था, हे तात! उन्हीं शंकरजी ने मुझे अपनी लीला से मोहित कर लिया।।१५।। जो दूसरे का अपकार चाहता है, उसका शीघ्र ही वह हो जाता है, यह मान कर पुरुष किसी का अपकार न करे।।१६।। हे द्विजश्रेष्ठ मुने! सती के अग्नि की परिक्रमा करने

समय वस्त्र उड़ने से जो पदद्वय का दर्शन हुआ, उसे देख कर मैं शिवमाया से मोहित, मदन से आविष्टचित्त हो सती के अंगों का अवलोकन करने लगा।।१७-१८।। कौतुक से सती के जैसे-जैसे उत्तम अंगों को देखता वैसे-वैसे मैं प्रसन्न होने लगा।।१९।। हे मुने! दक्ष से उत्पन्न हुई पतिव्रता सती को इस प्रकार देख कर मैं काम से आविष्टचित्त हो मुख देखने की इच्छा करने लगा।।२०।। न मैंने शिवजी की लज्जा से उनका मुख देखा और न उन्होंने लज्जा के मारे मुख खोला।।२१।। काम से दु:खी हो कर मैंने उसे देखने के लिये अत्यन्त धुआं करने की इच्छा की, तत्पश्चात् इसका मुख देखें यही सोचते हुए मैंने यह किया कि।।२२।। अग्नि में खूब गीली लकड़ी छोड़ी और धीरे-धीरे थोड़ी-थोड़ी आहुति के छोड़ने से गीले द्रव्यों से उत्पन्न बहुत धुआं चारों ओर फैल गया और धूमाधिक्य होने के कारण वेदी के आसपास की पृथ्वी धुम्र युक्त हो गई।।२३-२४।। नाना लीलाओं को करने वाले समर्थ परमेश्वर शिवजी ने धूम्र से व्याकुल हो कर दोनों हाथों से अपने नेत्र मूँद लिये।।२५।। फिर प्रसन्न हो कर मुझ कामार्त ने सती के मुख के वस्त्र को हटा कर सती का मुख देखा।।२६।। हे पुत्र! मैं बार-बार सती के मुख को देखने लगा और इन्द्रिय विकार को भी प्राप्त हो कर मेरा चार बिन्दु वीर्य पृथ्वी पर गिर गया।।२७-२८।। तब चकित मौनी मैं, अत्यन्त आश्चर्य को प्राप्त हो गया और मैंने उस वीर्य को छिपाया, जिससे और कोई न जाने।।२९।। भगवान् शम्भुजी दिव्य चक्षु द्वारा यह वीर्यस्खलन जान कर क्रुद्ध हो कर बोले।।३०।। रुद्र बोले- जो आपने विवाह में मेरी कान्ता के मुख को राग से देखा, यह कैसा कुत्सित कर्म आपने किया?।।३१।। आपने सोचा, कि शिवजी ने यह कर्म कुछ नहीं जाना, परन्तु ऐसी कौन सी बात संसार में है, जिसे मैं नहीं जानता?।।३२।। जैसे तिल में तैल, वैसे ही तीनों लोकों और स्थावर-जंगम में मैं हूँ।।३३।। ब्रह्माजी बोले- यह कह कर विष्णुप्रिय शंकरजी विष्णुजी के वचन को स्मरण करते हुए शूल ले कर मुझ ब्रह्मा को मारने की इच्छा करने लगे।।३४।। मुझे मारने के निमित्त शम्भुजी ने शूल लेते ही मरीच्यादिकों ने हाहाकार किया।।३५।। तब सब देवता और मुनियों ने व्याकुल हो कर क्रोधित हुए शिवजी की स्तुति की।।३६।। देवता बोले- हे शरणागतवत्सल देवदेव परमेश्वर शिवजी! कृपा कीजिये और ब्रह्माजी की रक्षा कीजिये।।३७।। आप संसार के पिता और सतीजी संसार की माता है और ब्रह्मादिक देवता सब आपके दास हैं।।३८।। आपकी लीला अद्भुत है और आपकी माया अद्भुत है, उसी ने आपकी भक्ति से विरक्त रहने वाले को मोह रखा है।।३९।। ब्रह्माजी बोले- इस प्रकार वृद्ध मुनियों ने नम्रतापूर्वक देवताओं के साथ नम्र हो कर क्रोध युक्त देवदेवेश शिवजी की स्तुति की।।४०।। उसी समय महासन्देह को प्राप्त हो कर दक्षजी ने शिवजी के समीप आ कर हाथ उठा कर कहा कि, कृपा कर के ऐसा न कीजिये।।४१।। फिर शिवजी आगे दक्ष

को देख कर और विष्णुजी की प्रार्थना को स्मरण करते हुए यह प्रिय वचन बोले।।४२

बोले– इस प्रकार वह सत्यवादी आदमियों के सत्य वचन सुन कर मन में बड़े क्षुभित हुए और उसे लेने की इच्छा की ।।१५।। हे गिरिराज! तब मुनि स्नान कर के और अपने इष्टदेव शंकरजी का विधिपूर्वक पूजन कर के काम के वशीभूत हो कर कन्या की प्राप्ति के लिये राजा अनरण्य की सभा में गये ।।१६।। राजा ने मुनि को देखते ही भय से प्रणाम किया और मधुपर्कादि दे कर भक्ति से पूजा की ।।१७।। मुनि ने सब पूजा को ग्रहण कर राजा से कन्या को मांगा, राजा सुनते ही अवाक् हो गया और कुछ भी कहने को समर्थ न हुआ ।।१८।। मुनि ने कहा– हे राजन्! अपनी कन्या

आप हमें दो, नहीं तो क्षण में सब भस्म कर दूंगा ।।१९।। हे मुने! मुनि के तेज से सब सेवक गण व्याप्त हो गये और उस समय राजा कन्या के लिये रोने लगे, कि ब्राह्मण

4:14 PM

उनचासवाँ अध्याय

ब्रह्माजी बोले– तब ईश्वर ने मेरी आज्ञा से ब्राह्मणों द्वारा अग्नि को स्थापन करके पार्वती को अंक में लेकर होम किया ।।१।। ऋक्, यजु और सामवेद के मन्त्रों से अग्नि में शिवजी ने आहुति दी और काली के भ्राता मैनाक ने लाजाञ्जलि दी ।।२।। हे तात! तब लोकाचार का विधान करके शिवजी और पार्वती ने विधिपूर्वक अग्नि की प्रदक्षिणा की ।।३।। हे मुने! उस समय गिरिजापति शंकरजी ने एक अद्भुत चरित्र किया, वह सुनिये। मैं आपके प्रेम के कारण उसे वर्णन करता हूँ ।।४।। उसी समय शिवजी की माया से मोहित होकर मैंने देवी के मनोहर नखचन्द्र का दर्शन किया[१] ।।५।। हे मुने! दर्शनमात्र से ही मैं क्षुभित हो गया और काम से मेरा मन क्षोभ को प्राप्त हो गया[२] ।।६।।

१– यह अध्याय अध्यात्म तत्त्व के लिये हुए हैं।

२– आशय यह है कि, इस कथा में ब्रह्माजी का रजोगुण पात हो गया है।

बारंबार मोहित होकर मैं देवी के नखचन्द्र को देखने लगा और उसी के दर्शन से मेरा रेत पृथ्वी पर पतित हुआ (अर्थात् सृष्टि रचना का अहंकार पतित हुआ) ।।७।। उस रेत के पात होने से मैं बड़ा लज्जित हुआ और चरणों से उसे छिपाते हुए गुप्तांग को मर्दित किया ।।८।। हे नारदजी! यह देखकर महादेवजी को बड़ा क्रोध उत्पन्न हुआ और मुझ काममोहित को शीघ्र ही मारने की इच्छा की ।।९।। हे नारदजी! उस समय सर्वत्र महान् हाहाकार होने लगा, सब मनुष्य कांप गये, संसार भयभीत हो गया ।।१०।। हे मुने! तब विष्णुजी आदि देवता शिवजी की स्तुति करने लगे। उस समय उनके कोप का तेज मानो मार डालना ही चाहता था ।।११।। देवता बोले– हे देव देव! हे जगत् में व्यापक! हे परमेश! हे सदाशिव! हे जगत्पति जगन्नाथ! हे जगन्मय! आप प्रसन्न हो ।।१२।। हे ईश्वर! सब भावों के आप आत्मा, हेतु और ईश्वर हो, निर्विकार, अविनाशी, नित्य निर्विकल्प अक्षर और सबसे परे हो ।।१३।। आपका आदि, अन्त, मध्य यह सब कुछ नहीं है, बाहर–भीतर सबसे आप परे हो, यह जो कुछ है, सो आप नहीं हो, आप सत्य स्वरूप ब्रह्म और चिद्रूप हो ।।१४।। मुक्ति की कामनावाले दृढ़व्रत मुनिजन आप ही के चरणों को सब संग छोड़कर उपासना करते हैं ।।१५।। आप पूर्णब्रह्म, अमृत स्वरूप, शोक रहित, निर्गुण और परम हो, आनन्दमात्र व्यग्रता रहित, विकार रहित आत्मा से भी परे हो ।।१६।। संसार के उत्पत्ति, पालन और प्रलय के आप ही हेतु हो, हे विभु! हे आत्मा के ईश्वर! आपको कुछ अपेक्षा नहीं और दूसरे आपकी अपेक्षा करते हैं ।।१७।। आप एक ही सत्–असत्, द्वैत–अद्वैत हो, जैसे सुवर्ण की वस्तुओं में सुवर्ण से कुछ भेद नहीं है ।।१८।। अज्ञान से पुरुषों ने आप में विकल्प का आरोप किया है, इससे उपाधि में भ्रम है, निरुपाधि में भ्रम का प्रतीकार हो जाता है ।।१९।। हे महेशान! हम धन्य हैं, जो आपके दर्शनमात्र से हम भक्तजनों को दृढ़ आनन्द मिला है। हे भक्तवत्सल! अब दया करें ।।२०।। आप ही आदि–अनादि प्रकृति से परे पुरुष हो, आप विश्वेश्वर जगन्नाथ निर्विकार, परे से परे हो ।।२१।। यह पितामह ब्रह्माजी रजोगुण की विश्वमूर्ति हैं और आपके प्रसाद से पुरुषोत्तम विष्णुजी सत्वगुण की मूर्ति हैं ।।२२।। कालाग्नि रुद्र परमात्मा तम और गुणों से परे हैं, वह आप सदाशिव महेशान सर्वव्यापी महेश्वर हैं ।।२३।। व्यक्त, महतत्त्व, पञ्चमहाभूत, तन्मात्रा और इन्द्रिय; हे महेश्वर! हे विश्व की मूर्ति! यह सब आपमें ही अधिष्ठान किये हुए हैं ।।२४।। हे महादेव! हे परेश! हे करुणामय! हे शंकर! हे देवदेवेश पुरुषोत्तम! अब आप प्रसन्न हो जाइये ।।२५।। सातों समुद्र आपके वस्त्र, दशों दिशा आपकी दश भुजा, हे विभो! द्युलोक आपका सिर, आकाश नाभि और वायु आपकी नासिका है ।।२६।। अग्नि, रवि और सोम आपके नेत्र हैं, हे विभो! मेघ आपके केश हैं, नक्षत्र, तारे और ग्रह यह आपके भूषण हैं ।।२७।। हे व्यापक परमेश्वर! हे देवेश! मैं किस प्रकार आपकी स्तुति कर सकता हूँ? हे शंकर!

स कथं मृतकादाता दुष्करं समुपासते। यो विधिः कर्मसाक्ष्यादिवन्द्यो मान्यः पितामहः॥४५॥

मोहिनीमोहितो देहमुत्ससर्ज कथं स च।
यः शिवः शिवदः साक्षात्प्रकृतीशः परात्परः॥४६॥
स कथं देवपत्नीगः श्मशानाशुभचेष्टितः।
तस्माद्द्विज सदाचारो निषेव्यो विधिना विधिः॥४७॥

उर्वशी नन्दन वसिष्ठ ने लोकोपकारार्थ योगवासिष्ठ नाम वाले उत्तम शास्त्र को रचा, वेद तथा पुराण में साम्यत्व प्रदर्शित किया, जो स्वयं सर्वेश्वर राम के गुरु थे, वे विश्वामित्र से शापित होकर तिर्यक् योनि में गये! जिन्होंने महापर्वत विन्ध्य का दमन किया, वातापि असुर का नाश किया, सागर पान कर लिया, वे दुष्कर तप क्यों कर रहे हैं? जो ब्रह्मा कर्मसाक्षी आदि, वन्द्य मान्य पितामह हैं, वे मोहिनी के प्रति मोहित होकर देह त्यागार्थ क्यों चले गये थे? जो प्रभु शिव सर्व कल्याणप्रदाता, प्रकृति के ईश्वर तथा परात्पर प्रभु हैं, वे देवपत्नीगमन करके श्मशानवासी क्यों हो गये? हे द्विज! यही कारण है कि सभी सविधि सदाचार की सेवा करें।।४२-४७।।

तमहंभावनायुक्तो नो हेयाद्यो विदां वरः। स शांतिमाप्नुयादग्र्यां धर्म्यामुभयसंस्थिताम्॥४८॥

रखना चाहिये। कृष्णपक्षीय चतुर्दशी के घोर तमसाच्छन्न निशाकाल में स्नान करके लाल वस्त्र तथा लाल माला एवं लेप धारण करे और छिन्नमस्ता ऐसी आकृति वाली सुन्दरी, यौवनसम्पन्न, पांच लोगों से समागम करने वाली, उत्तम मुस्कान युक्त, मुक्तकेशी, आभूषणभूषित ललना को विवस्त्र करके पूजा करे। तदनन्तर १०००० मन्त्र जप तथा बलि अर्पण करना होगा। इस प्रकार रात बीत जाने पर उस नारी को धनादि से सन्तुष्ट करके विदा करे। तदनन्तर प्रातः विविध अन्न-भोजनादि से सविधि ब्राह्मण भोजन कराये।।३१-३५।।

अनेन विधिना लक्ष्मीं पुत्रान्पौत्रान्धनं यशः।
नारीमायुः सुखं धर्ममिष्टं च समवाप्नुयात्॥३६॥

8:21 PM

जो द्विज घोर विपत्तिकाल में बौद्ध मन्दिर में रहता है, वह सैकड़ों प्रायश्चित्त द्वारा भी उद्धार नहीं पाता। बौद्ध वेदनिन्दक तथा पाखण्डी कहे गये हैं। वे धर्म बहिष्कृत हैं। द्विज को चाहिये कि उनकी ओर दृष्टिपात भी न करे।।५१-५२।।

ज्ञानतोऽज्ञानतो वापि द्विजो बौद्धालयं विशेत्।
ज्ञात्वा चेन्निष्कृतिर्नास्ति शास्त्राणामिति निश्चयः।।५३।।
एतेषां पापबाहुल्यान्नरकं कोटिकल्पकम्।
प्रायश्चित्तविहीनानि प्रोक्तान्यन्यानि च प्रभो।।५४।।
पापानि तेषां नरकान्गदतो मे निशामय।।५५।।
महापातकिनस्तेषु प्रत्येकं युगवासिनः। तदन्ते पृथिवीमेत्य सप्तजन्मसु गर्दभाः।।५६।।
ततःश्वानो विद्धदेहा भवेयुर्दशजन्मसु। आशताब्दं विट्कृमयः सर्पा द्वादशजन्मसु।।५७।।

जो जाने-अनजाने यदि बौद्धालय में प्रवेश करते हैं, उनमें से भी जो जानबूझ कर बौद्धालय में जाते हैं, तब उनके लिये कोई प्रायश्चित्त नहीं है। जो अनजाने में बौद्धालय जाते हैं, वे पापाधिक्य के कारण कोटिकल्प काल तक नरकगामी होते हैं। हे प्रभो! जो प्रायश्चित्त रहित पातक है तथा अन्य जो पाप हैं, उनके लिये मिलने वाले नरक के सम्बन्ध में सुनिये। वहां महापापी अनेक युगान्त पर्यन्त पड़े रहते हैं। तत्पश्चात् पृथिवी पर सप्तजन्म

वरण आदि करते हैं अतः पहले अपनी ऐसी धारणा बताओ कि—मेरा वरण करने के लिए कोई प्रस्तुत है। मैं भी अपने विचारों से इसी निष्कर्ष पर पहुँच रहा हूँ कि— किसी महान् व्यक्ति के साथ सम्बन्ध हो तो अच्छा है और जहाँ तक हो सके मैं देवों की निन्दा का पात्र न बन सकूं वैसा ही करना! अतः पुत्रि! मैं ने धर्मशास्त्रों के आलोकन से यह निश्चय किया कि—अब तुम अपना विवाह संस्कार अवश्य करो, क्योंकि विवाह संस्कार हीन कन्या अपने पिता के घर यदि रजोवती होती है तो उसके पिता को ब्रह्म हत्या का दोषभागी होना पड़ता है और वह कन्या वृषली कही जाती है। इसलिए पुत्रि! मैं तुम्हें कुछ मंत्रियों के साथ भेज रहा हूँ तुम स्वयं वर का अन्वेषण कर उसे अपनाओं। जाने के लिए शीघ्रता करो और मेरी बातों का ध्यान रखना। इसे स्वीकार कर सावित्री राजर्षियों के रमणीयक तपोवन के लिए निकल पड़ी। वहाँ के मान्य एवं वृद्धों के चरण-पूजन करके वह सभी-कल्याण तीर्थों में गयी और मंत्रियों के साथ पुनः घर लौट आयी। घर आकर उसने अपने पिता के पास बैठे हुए देवर्षि नारद को देखा, जो उत्तम आसन पर सुशोभित हो रहे थे। मन्द मुसुकान करती हुई उसने उन विप्रदेव को प्रणाम कर उनके समक्ष

कर्मभूमेरुत्तरे च खण्डान्यष्टौ ततः परम् । लवणाब्धिस्ततो द्वीपस्ततः क्षीराब्धिरेव हि ॥
ततो द्वीपस्ततः सिन्धुस्ततो द्वीपस्ततोऽब्धिकः ॥२०६
कोटचर्द्धलक्षव्यानेन योजनेन विधे स्वयम् ॥२०७
कर्मभूमेः स वै ज्ञेयो लोकालोका महाचलः । लोकालोको दक्षिणे च पश्चिमे च स वै गिरिः ॥२०८
पूर्वे च कर्मभूमेश्च लोकालोकस्तथाविधः । एतेषां समुदायानां ब्रह्माण्डोऽयं प्रकीर्तितः ॥२०९
त्वत्तो भविष्यति विधे कल्पपर्यन्तमेव हि । ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म ततो विष्णुस्त्रिधाभवत् ॥२१०
अद्य विष्णुः स वै कृष्ण इह विष्णुः स वै विराट् । इति विष्णुः स वै ज्ञेयः पुराणपुरुषोत्तमः ॥२११
पुराणपुरुषो ज्ञेय आदिब्रह्मा चिरायुगः । दैवे युगसहस्रे द्वऽहोरात्रं तस्य कीर्तितम् ॥२१२
विष्णोस्तु रोमकूपेषु ब्रह्माण्डाः कोटिशोऽभवन् । अद्य विष्णुरहं ब्रह्मन्विध्महा तव भूतले ॥२१३

भूमि से ऊपर एक लक्ष योजन की दूरी पर सूर्य स्थित हैं, उनसे उतनी ही दूर चन्द्रमा और उनसे ऊपर उतने दूर पर नक्षत्रों का मण्डल स्थित है। उनसे दो लक्ष योजन की दूरी पर मंगल, उनसे उतनी दूर बुध, बुध से उतनी दूरी पर बृहस्पति, बृहस्पति से उतने दूर शुक्र, शुक्र से शनि, शनि से राहु और राहु से केतु उपरोक्त दो लाख की समान दूरी पर स्थित हैं। केतु से सात लाख योजन की दूरी पर सप्तर्षियों का

5:22 AM

वत्सल भगवान् कृष्ण ने अपने यादवगणों समेत आकर उनका मनोरथ पूरा किया । पश्चात् विष्णुधर्म प्रिय नरश्री ने काशीपुरी में जाकर रामानन्द की शिष्य सेवा स्वीकार की ।६२-६६

बृहस्पति जी बोले—एकबार भगवान् अत्रि ऋषि ने अपनी अनसूया नामक पत्नी समेत गंगा के तट पर ब्रह्मध्यान में निमग्न होकर महान् तप करना आरम्भ किया । उस समय ब्रह्मा, विष्णु, एवं शिव जी ने अपने-अपने वाहनों पर बैठकर वहाँ पहुँचने का प्रयत्न किया । वहाँ पहुँचकर उन लोगों ने ब्रह्मपुत्र अत्रि से वरयाचना करने के लिए कहा । किन्तु अत्रि इन लोगों की बात पर कुछ ध्यान न देकर पूर्व की भाँति ब्रह्मध्यान में मग्न ही रहे । उनके भाव को जानकर उन तीनों देवों ने उनकी पत्नी अनसूया के पास जाकर उनसे कहना आरम्भ किया । उस समय अनसूया के वशीभूत होकर रूद्र हाथ से लिंग ग्रहण किये थे, विष्णु उसमें रस वृद्धि कर रहे थे और ब्रह्मा अपनी कामवासना नष्ट करने पर तुले थे । वे लोग उससे बार-बार यही कह रहे थे कि—मदभरे नेत्रों से कटाक्षपात करने वाली प्रिये ! मुझे रति दान प्रदान करो, अन्यथा तुम्हारे सामने मेरा प्राण निकल रहा है । उस समय पतिव्रता अनसूया ने उन लोगों की उस अशुभ वाणी को सुनकर भी उनके कोपभय से भयभीत होने के नाते उन लोगों से कुछ नहीं कहा । किन्तु अत्यन्त मोहित उन बलवान् देवों ने जो माया विमुग्ध थे, बलात् उसे पकड़कर मैथुनार्थ प्रयत्न किया ।६७-७३।

अध्याय ८

कलियुगीय इतिहाससमुच्चय का वर्णन

सूत जी बोले—इसे सुनकर वैताल ने राजा से कहा—राजन् ! विदेह प्रदेश में मिथिला नामक नगरी है, धन-धान्य सम्पन्न गुणाधिप नामक राजा वहाँ राज कर रहा था । सेवावृत्ति के लिए चिरंदेव नामक एक राजपुत्र मिथिला पुरी में आकर रहने लगा । एक वर्ष के पश्चात् राजा गुणाधिप ने अपनी चतुरङ्गिणी सेना समेत आखेट के लिए जंगल में जाकर एक वाघ का शिकार किया । उसी क्रोध के आवेश में राजा उस बाघ के मार्ग से किसी जंगल में पहुँच गये । चिरंदेव भी उनके पश्चात् उसी गहन वन

रात्रौ स देवरूपश्च बहुमायाविशारदः । पैशाचं देहमास्थाय भोजराजं हि सोऽब्रवीत् ।।२३

सूत जी बोले—इस स्तुति को सुनकर शिव जी ने राजा से कहा—भोजराज ! आप महाकालेश्वर स्थान के वाहीक नामक भूमि प्रदेश में जाइये, वह भूमि म्लेच्छों द्वारा दूषित हो रही है। उस भीषण 'वाहीक प्रान्त में आर्यधर्म नहीं है। यहाँ बलि दैत्य से प्रेषित यही त्रिपुरासुर पुनः आ गया है, जिस महामायावी को मैंने भस्म कर दिया था। वह अयोनि से उत्पन्न, श्रेष्ठ, एवं दैत्यवंश का वर्द्धक है। 'महामद' (मुहम्मद) उसका नाम है, जो सदैव पिशाच कर्म ही करता रहता है। अतः राजन् तुम इस धूर्त एवं पिशाच के प्रदेश में मत ठहरो, मेरी कृपा से तुम्हारी शुद्धि हो जायगी । इसे सुनकर राजा अपने देश के लिए चल दिये । अपने शिष्यों समेत महामद भी सिंधु नदी के तटपर आया । उस कुशल मायावी ने प्रेम भाव से राजा से कहा—महाराज ! आपके देव मेरे दास हैं, नृप ! देखिये ये मेरा उच्छिष्ट भोजन करते हैं । इसें देख सुनकर राजा को महान् आश्चर्य हुआ ।९-१६। और वह भी उस भीषण म्लेच्छ-धर्म का अनुयायी होने के लिए सोचने लगा । उस समय कालिदास ने क्रुद्ध होकर महामद से कहा—धूर्त ! राजा को मोहित करने के लिए यह तुम्हारी माया है, अतः तुम ऐसे दुराचारी एवं वाहीक के अधमाधम का मैं वध कर दूँगा । इतना कहकर वह ब्राह्मण नवार्ण मंत्र का दशसहस्त्र जप करने के उपरांत उसके दशांश से आहुति-प्रदान करने लगा । उसी में वह भस्म होकर म्लेच्छों का देवता हो गया । पश्चात् उसके सभी शिष्यगण भयभीत होकर वाहीक देश चले गये । वहाँ अपने गुरु (मुहम्मद) का भस्म ले जाकर भूमि के मध्य

5:22 AM

थ। पश्चात् उस युद्ध में पराजित होकर दैत्यों ने पलायन किया। उस समय विवस्वान् ने संज्ञा को रथ पर बैठाकर ले जाकर विश्वकर्मा को सौंप दिया। उस समय देवश्रेष्ठ विवस्वान् को प्रसन्न देखकर संज्ञा ने उनसे कहा—आप मेरे पति होकर मेरा कार्य सदैव किया करें। क्योंकि भगवन्! तुम्हीं ने उस वली बलि को पराजित कर विजय रूप में मुझे प्राप्त किया है। भाई की पुत्री (भतीजी) का ग्रहण करने में कोई दोष भी न होगा, क्योंकि मुनियों ने यह स्वीकार किया है कि नारी सदैव वीरभोग्या हैं और विशेषकर स्त्रीरत्न-गुणयुक्ता प्रकृति देवी अपने को गुण भेद द्वारा चार रूपों विभक्त करती है— एक भाग से वह सनातनी प्रकृति माता, सतोगुण रूप से भगिनी, रजोगुण रूप से गृहिणी, और तमोगुण रूप से कन्या होती है, अतः उस देवी को नमस्कार है। तथा एकरूपी उस निर्गुण को अनेक पुरुष रूपों में विभक्त किया है, जो चैतन्य, अज्ञानी एवं प्रकृति द्वारा उत्पन्न कहे जाते हैं। अलोक निवासी सभी लोग पापकर्म द्वारा ब्रह्मादि देवों से उत्पन्न हैं। और उसे ही ज्ञानमयी नारी पुरुष रूप में वरण करती है। अतः उस स्त्री के पुत्र, पिता, भ्राता और पति कौन हो सकते हैं? क्योंकि ब्रह्मा ने अपनी पुत्री, विष्णु ने अपनी माता, एवं भगवान् शंभु ने अपनी भगिनी का (स्त्रीरूप) ग्रहणकर श्रेष्ठता प्राप्त की है। अदितिपुत्र विवस्वान् ने इस वेदमयी वाणी को सुनकर उस भ्रातृपुत्री संज्ञा का ग्रहणकर श्रेष्ठता प्राप्त की।१५-२८। पश्चात् उन दोनों के द्वारा कन्या सुत यम और यमुना वैवस्वत तेजपूर्ण जन्म हुआ। उस समय संज्ञा ने अपने पति को तेजपुञ्ज जानकर अपनी प्रतिनिधि छाया को वहाँ रखकर स्वयं तप करने के लिए प्रस्थान किया। अनन्तर

वह राजलक्ष्मी रुदन कर रही थी, उस शुभ मुखवाली से प्रियवाणी कहा—देवि ! क्यों रुदन कर रही हो, तुम्हें क्या महान् कष्ट है, मुझे बताओ ! इसे सुनकर राजलक्ष्मी ने उस वीरसेन से कहा—वलिन् ! मै राजा रूपसेन की राजलक्ष्मी हूँ, इस मास के अन्त समय में मेरा प्रलय (नाश) हो जायेगा, इसीलिए मैं शोक कर रही हूँ । पश्चात् उसने कहा—देवि ! सुनो इससे तो तुम्हारी अल्पायु मालूम हो रही है, किन्तु किसी पुण्य के द्वारा तुम्हारी दीर्घायु संभव हो सके, तो उसे बताने की कृपा करो ।१-१२

देवी जी बोली—महाबाहो, महाप्राज्ञ ! यदि तुम, अपने पुत्र का शिर चण्डिका देवी के लिए अर्पित कर सको तो हे अनघ ! मेरी दीर्घायु हो जाये । अतः अपने स्वामी के लिए इसकी सिद्धि अवश्य करो । इसे सुनकर वीरवर ने स्वयं अपने घर, आकर प्रसन्न हृदय से पत्नी से कहा—पुत्र, देवी जी के लिए समर्पित कर दो' उस पतिव्रता ने निर्भय होकर उसे स्वीकार किया, पश्चात् पुत्र से कहा—'पुत्र ! राजा के किसी कार्य के लिए ही तुम्हारे शरीर का पालन-पोषण किया गया है, अतः उसे अवश्य पूरा करो ।' पुत्र ने उसे स्वीकार कर अपनी भगिनी और माता के साथ चण्डिका देवी के मंदिर में पहुँचकर अपने पिता से कहा—हे पिता ! मेरा शिर चण्डिका के लिए समर्पित कर दीजिये क्योंकि राजलक्ष्मी जिस प्रकार से दीर्घायु प्राप्त करें, वह

(सिपाही) उसे चोर समझ बाँधकर राजा के सामने उपस्थित किये । राजा दन्तावक्त्र उससे बोले—हे मनुष्य ! यह सुन्दर आभूषण तुम्हें कहाँ कैसे प्राप्त हुआ, सब बातें मुझसे कहो ! उस जटाधारी ने कहा—राजन् ! श्मशान स्थान में मेरे गुरु रहते हैं, सुवर्ण से आच्छन्न इस आभूषण को विक्रयार्थ उन्होंने मुझे दिया है । इसे सुनकर राजा ने शीघ्र उस गुरु को बुलाकर उस भूषण प्राप्ति के विषय में पूँछा । अनन्तर योगी ने कहा—(मैं बता रहा हूँ) आप लोग सुनिये ! मैं योगी का वेष धारण कर श्मशान में मंत्र सिद्धि कर रहा था, उसी बीच कोई पिशाचिनी वहाँ आई । मैंने अपने त्रिशूल से उसके घुटने में चिह्नकर दिया है, उसी ने यह आभूषण प्रदान किया । राजा उसके कारण को समझ कर अपनी पुत्री को घर से निकाल दिया । पश्चात् बुद्धिदक्ष वज्रमुकुट समेत उस राजकुमारी को साथ लेकर अपने घर आया । इतनी बातें कहने के उपरांत बैताल ने हँसकर विक्रमादित्य से कहा—राजन् सुनो ! इन चारों में किसको अधिक पाप का भागी होना पड़ा ! ५१-५८

सूतजी बोले—इसे सुनकर राजा विक्रमादित्य ने हँसकर कहा कि पाप का भागी राजा हुआ क्योंकि मंत्री ने मित्रकार्य, सेवकों ने स्वामी का कार्य और राजकुमार ने अपना स्वार्थ सम्पन्न किया । अतः महापापी राजा ही हुआ जिसके नाते उसे नरक की प्राप्ति हुई । जो मनुष्य अपनी कन्या का विवाह उसके रजस्वला होने की जानकारी रखते हुए भी नहीं करता है, उस पापी को साठ सहस्र वर्ष तक नरक का अनुभव करना पड़ता है । अपने गान्धर्व विवाह के लिए कन्या के तैयार होने पर जो कोई उसमें बाधक

यज्ञ को किस भाँति किया था मुझे विस्तार पूर्वक बताने की कृपा करें।

सूत जी बोले—एक समय क्षेमक के पुत्र प्रद्योत अपने हस्तिनगर की राजधानी में सिंहासनारूढ़ हो कुछ कथाओं की चर्चा कर रहे थे कि उसी समय वहाँ महर्षि नारद का आगमन हुआ। उन्हें देखकर परम प्रसन्नता प्रकट करते हुए उस धार्मिक राजा ने उनका विधिवत् आतिथ्य सत्कार किया। सुखासीन होकर नारद मुनि ने राजा प्रद्योत से कहा—'म्लेच्छों द्वारा तुम्हारे पिता का निधन हुआ है, इसीलिए उन्हें यमलोक को प्रस्थान करना पड़ा, अब वे म्लेच्छ यज्ञ के प्रभाव से ही स्वर्ग निवासी हो सकते हैं, सुनते ही क्रुद्ध होने के कारण उसकी आँखे ताँबे की भाँति रक्त वर्ण की हो गईं। उसने शीघ्र वैदिक विद्वान् ब्राह्मणों को निमंत्रित करके कुरुक्षेत्र में म्लेच्छयज्ञ का अनुष्ठान प्रारम्भ कर दिया। उस अनुष्ठान में चौकोर एवं सोलह योजन के विस्तृत यज्ञ-कुण्ड की रचना करके देवता के ध्यान पूर्वक उस राजा ने उसमें म्लेच्छों की आहुति प्रदान करना आरम्भ किया। वेदमंत्र के प्रभाव से उसने हार, हूण, बर्बर, गुरुण्ड (अंग्रेज), शक, खस, यवन, पल्लव, रोमज, खरसंभव, द्वीपनिवासी कामरू, चीनी, एवं सागर के मध्यवर्ती प्रदेशों के म्लेच्छों को मंत्र द्वारा बुलाकर आहुति करके भस्म कर दिया। पुनः ब्राह्मणों को दक्षिणा प्रदान करने के उपरांत अभिषेक भी सविधान समाप्त किया। तत्पश्चात् राजा क्षेमक को स्वर्गलोक की प्राप्ति हुई। उसी

वाचक के सम्मुख आसन पर बैठे। भूपते ! महाबाहो, जिस समय वाचक, व्यास को नमस्कार कर स्थिर हो जाये, उस समय श्रोताओं को केवल सन्देह विषय के अतिरिक्त अन्य विषय की बातें न करनी चाहिए।६७-६९। यदि कहीं श्रोता को संदेह उत्पन्न हो जाये, तो वाचक को प्रसन्न करके उसे पूँछना चाहिए, क्योंकि वाचक वहाँ के उपस्थित लोगों का गुरु एवं धर्मतः बन्धु रूप बताया गया है।७०। नृप ! वाचक को भी श्रोताओं के ऊपर कृपा कर इस प्रकार की सरल भाषा एवं प्रिय वाणी का उपयोग करना चाहिए, जिससे उन्हें निर्भ्रान्त अर्थ का ज्ञान हो क्योंकि वह सब भाँति उनके गुरु रूप हैं।७१। नृपशार्दूल ! शूद्र वर्ण के श्रोताओं के सामने वैश्य, तथा वैश्यों के सामने क्षत्रिय एवं सभी के मध्य में वाचक को बैठकर कथा सुननी चाहिए। राजन् ! वर्ण शंकर वालों को शूद्र के पीछे बैठना चाहिए। ब्राह्मण के अतिरिक्त किसी अन्य वर्ण वाले को वाचक न बनाना चाहिए, क्योंकि अन्यवर्ण के वाचक द्वारा पुराणादि सुनने पर नरक की प्राप्ति होती है।७२-७४। राजन् ! कुरुनन्दन ! इस प्रकार श्रोताओं को प्रत्येक मास में पुराणों की समस्त पंक्तियों के श्रवण विधान को सुसम्पन्न करके पारण करना बताया गया है।७५। राजन् !

---

१. इदं पूर्वान्वयि।

1:14 PM

आदि की सुरक्षा करना एक मात्र ब्राह्मणों का ही कर्तव्य है क्योंकि देवगण ब्राह्मण के मुख द्वारा ही हव्यों के भक्षण करते हैं । और पितर लोग कव्यों के । इसलिए उनसे बढ़कर कोई नहीं है । ब्राह्मण जन्म से ही सर्वप्रधान है, अतः सभी भाँति की अर्चा के योग्य हैं ।२-३। द्विजोत्तम ! ब्राह्मण सर्वत्र अपनी ही वस्तु का भक्षण करता है और उसी का पालन पोषण भी । तीनों जातियों की वृद्धि एवं नाश के लिए ब्राह्मण की रचना हुई है । भली भाँति सन्तुष्ट होने पर ब्राह्मण उनकी वृद्धि करता है इसमें संदेह नहीं, तथा क्रुद्ध होने पर उनके सर्वनाश का मूल कारण भी होता है, इसलिए ब्राह्मण सदैव उनके लिए पूज्य है ।४-५। द्विजः जिस ब्राह्मण के गर्भाधानादि संस्कार सुसम्पन्न हुए हैं तथा वह शास्त्र के अड़तालीस प्रकार के नियमों से निवृत्त हो गया है, अतः ब्राह्मणत्व प्रधान होने के नाते उसे ब्रह्म लोक की प्राप्ति होती है ।६। प्रथम संस्कार द्वारा पवित्र, दूसरे वेदाध्ययन द्वारा पूत, तीसरी विद्याद्वारा पूत, पश्चात् तीर्थ-यात्रादि से पूत एवं क्षेत्रपूत (पवित्र क्षेत्र से उत्पन्न), ऐसे विशिष्ट पूत ब्राह्मणों की पूजा अवश्य करनी चाहिए । इससे पूजने वाले को स्वर्ग एवं मोक्ष की प्राप्ति होती है, अन्यथा (इनकी पूजा न करने से) श्रम व्यर्थ हो जाता है ।७-८। सभी पवित्रों में परम पवित्र, गुरुओं के परम गुरु एवं सभी प्रकार के सत्त्व समेत ब्राह्मणों को ब्रह्मा ने सर्वप्रथम ही उत्पन्न किया है ।९। देवगण ब्राह्मणों की अर्चा के द्वारा ही स्वर्ग का अक्षय उपभोग प्राप्त किये हैं और मनुष्य भी अपने-अपने राज्य की प्राप्ति द्वारा देवत्व की प्राप्ति करते रहते हैं ।१०।

सूत उवाच

श्रृणुध्वं विप्रसन्घाताः पुराणं देवसंमतम् । यच्छ्रुत्वा मुच्यते पापात्पुरुषो ब्रह्महत्यया ।।१

लिए चेष्टा भी न करनी चाहिये।११७। शूद्रों को विशेषकर शब्दशास्त्र (व्याकरण) का अध्ययन वर्जित किया गया है, क्योंकि ब्रह्मयोनि ब्रह्मा ने उन्हें ब्राह्मणों का दास बनाया है।११८। जिस प्रकार कुतिया श्रृगाली एवं गधी के दूध को पान करने के अयोग्य बताया गया है, उसी भाँति शूद्रों के मुख से निकले धार्मिक संस्कृत शब्द, श्रवण-मनन के अयोग्य हैं।११९। अपवित्र वस्तु जल से पवित्र की जाती है, उसी प्रकार शूद्र (पुराणादिक) सुनने से शुद्ध होता है। व्याकरण शास्त्र का अध्ययन करने वाला शूद्र नितान्त अपवित्र होता है। राजाओं को शास्त्रीय अथवा वैदिक धर्मों के उपदेष्टा शूद्रों का वध तथा चक्र अस्त्र द्वारा उनकी जिह्वा कटवा लेनी चाहिए।१२०-१२१। सम्पूर्ण ग्रन्थों के अर्थ उसके मर्मस्थलों के विशेषज्ञ एवं सुन्दर ढंग से उसकी व्याख्या करने वाले ब्राह्मण को व्यास कहा गया है।१२२। जिस ग्राम, या नगर में ऐसे ब्राह्मण का निवास होता है, वह पुण्य प्रदेश बताया गया है, इस प्रकार व्याख्याता जिस नगर आदि में निवास करता है, वे धन्य हैं, कृतकृत्य हैं और कृतार्थ हैं, इसमें संदेह नहीं।१२३। द्विजगण! सूर्यहीन वासर और चन्द्रहीन रात्रि की भाँति, व्यास की अनुपस्थिति में सभा सुशोभित नहीं होती है। जिस घर में बच्चे न हों, उस घर की शोभा कभी नहीं हो सकती है। जिस प्रकार एक ओर समस्त ग्रह सुशोभित हैं और एक ओर सूर्य, उसी भाँति घर में

10:01 PM

अध्याय २५

पुरुषों के लक्षण का वर्णन

ब्रह्मा ने कहा—जिस पुरुष का लिङ्ग दाहिनी ओर झुका हो तो उसके पुत्र तथा बायें ओर झुकने से कन्यायें उत्पन्न होती हैं।१। मोटी-मोटी नसों वाला एवं विषम लिंग दरिद्र सूचक होता है। सीधा तथा वर्तुलाकार लिंग पुत्रवान होने का सूचक होता है।२। नीचे पैर बैठने से जिसका लिंग पृथ्वी में छू जाय उसे निःसन्देह दुःखी जानना चाहिए।३। इसी प्रकार भूमि में पैर पर बैठने पर यदि गुल्फ (एंड़ी), में लिंग छू जाय तो वह स्त्रियों का प्राणप्रिय और राजा होता है।४। सिंह तथा बाघ के समान छोटे लिंग वाला पुरुष समस्त भोगों को भोगने वाला होता है।५। समुद्र के कथनानुसार जिसके लिंग का अग्रभाग रेखा के समान हो वह राजा होता है।६। इसी प्रकार सुवर्ण, चाँदी, मणि, मोती और पुवाल के समान वर्ण एवं स्निग्ध अग्र

---

१. खड्गशूकरयोस्तथा। २. दुर्लभम।

हो गया ।२५। हे नृप ! मद्य पान के कारण स्मृति नष्ट हो जाने से तथा अल्प सत्व के नाते स्वभावतः उनकी जाँघे भीग गईं। पुराणों में यह बात प्रसिद्ध है कि ब्रह्मचारिणी होती हुई सती स्त्रियों की भी योनि, अत्यन्त मनोहर पुरुष को देखकर (मैथुन के लिए) तर (रसपूर्ण) होने लगती हैं।२६-२८। लोक में देखा भी जाता है कि अत्यन्त मद्य पान करने के नाते लज्जाशील स्त्रियाँ अपनी लाज छोड़ कर निर्भय हो जाती हैं। क्योंकि मांस भोजन, उत्तम आसव का पान एव सुगन्धपूर्ण उत्तम वस्त्रों का धारण करना ये सभी स्त्रियों के कामोत्पादक बताये गये हैं।२९-३०। लोगों के कल्याणार्थ शुक्राचार्य ने भी कहा है कि—विद्वानों को अत्यन्त मद्य पान न करना चाहिए।३१। पश्चात् साम्ब को वहाँ भेजकर नारद भी उसके पीछे ही शीघ्र वहाँ पहुँचे।३२। उत्तम एवं प्रिय नारद ऋषि को वहाँ आये हुए देखकर वे स्त्रियाँ जो (मद्य) पान से विह्वल (नशे में चूर) हो रही थीं, (प्रणामार्थ) शीघ्र उठकर खड़ी हो गईं।३३। खड़ी होने पर उनके स्खलित वीर्य का बूँद वस्त्रों से चूकर नीचे पत्तों पर गिर पड़ा। उसे देखकर कृष्ण ने क्रुद्ध होकर उन्हें शाप दिया कि—मुझे त्याग कर तुम्हारे मन औरों में आसक्त हुए इसलिए तुम्हें पतिलोक एवं स्वर्गमार्ग की प्राप्ति अंत में हो सकेगी। और पतिलोक तथा स्वर्ग से भ्रष्ट होकर उस समय अनाथ होने के नाते तुम्हें चोरों के अधीन रहना पड़ेगा।३४-३७

सुमन्तु बोले—कृष्ण के स्वर्ग प्रस्थान करने के पश्चात् उन स्त्रियों का शापवश अर्जुन के देखते ही

7:40 PM

किसी को भी जल, वायु, अग्निजनित भय उत्पन्न नहीं होता था। वृद्धों को बालकों का प्रेतकर्म नहीं करना पड़ता था (अर्थात् वृद्ध के सामने उनके रहते उनके परिवार में बालक, युवक का मरण नहीं होता था)। क्षत्रियगण ब्राह्मणों का पालन करते थे। वैश्यगण क्षत्रियों की शुश्रूषा करते तथा शूद्रगण तीनों वर्णों की सेवा अहंकार रहित होकर करते रहते।।१४७-१४८।।

नार्यो नात्यचरन्भर्तॄन्भार्या नात्यचरत्पतिः। सर्वमासीज्जगद्दान्तं निर्दस्युरभवन्मही॥१४९॥

राम एकोऽभवद्भर्ता रामः पालयिताऽभवत्। आसन्वर्षसहस्राणि तथा पुत्रसहस्रिणः॥१५०

अरोगाः प्राणिनाश्चाऽऽसन्रामे राज्यं प्रशासति।

देवतानामृषीणां च मनुष्याणां च सर्वशः॥१५१॥

पतिगण पत्नियों का तथा पत्नीगण अपने पतियों का त्याग कभी नहीं करती थीं। समस्त जगत् उस समय सुशासित था। समस्त धरती दस्यु रहित थी। प्राणीगण रोग रहित थे। उस समय अकेले श्रीराम ही प्रजा के पालक तथा स्वामी थे। प्राणीगण सहस्रों सन्तान वाले होकर सहस्राधिक वर्ष जीवित रहते थे। उस समय राम के राज्य में पृथिवी पर सर्वत्र देवता, ऋषि तथा मनुष्यों की प्रतिष्ठा थी।।१४९-१५१।।

(440 / 707)

तत्र कामगुणैः सर्वैः समुपेता मुदान्विताः। महाकाया महाभोगा धना भवति मानवाः॥८॥

एते देवि महाभागाः प्राणिनो दानशालिनः।
ब्रह्मणा वै पुरा प्रोक्ताः सर्वस्य प्रियदर्शनाः॥९॥

महेश्वर कहते हैं—जहां महामति मानव दाता, ब्राह्मणों का सत्कारकर्ता होता है, जो व्यक्ति दीन, आर्त्त, विपन्न लोगों को भक्ष्य-भोज्य-पानीय तथा वस्त्रादि प्रदान करता है, जन सामान्य हेतु वासस्थल, सभा, प्याऊ, पुष्करिणी, प्रभृति निर्मित कराता है, नियमित तथा पवित्र होकर नित्य कर्मों को सम्पन्न करता है, सुप्रशान्त मन द्वारा आसन, शय्या, यान, गृह, धन, रत्न, नाना अन्न, खेत तथा नारी प्रभृति प्रदान करता है, हे देवी! वह नर देवलोकवासी हो जाता है। वह वहां नन्दनकानन आदि में अप्सराओं के साथ सानन्दचित्त होकर विहार भी करता है। वह अन्ततः (पुण्यक्षय होने पर) इन अत्युत्तम भोगास्वादनोपरान्त स्वर्गच्युत होकर धन-रत्न से समृद्ध महाभाग्यवान् कुल में जन्मलाभ करता है। वह मानव वहां सभी प्रकार के काम्य भोगों से युक्त, प्रीतिपूर्ण चित्त वाला, धनी तथा विविध सत्कार्य करने वाला होकर प्रसिद्धि लाभ करता है। हे देवी! दानी लोग इहलोक में महाभाग्यवान् तथा प्रियदर्शन होकर उत्पन्न होते हैं। यह ब्रह्मा का कहना है।।२-९।।

अपरे मानवा देवि प्रदानकृपणा द्विजाः।
येऽल्पानि न प्रयच्छन्ति विद्यमानेऽप्यबुद्धयः॥१०॥

ब्रह्मा कहते हैं—देवी पार्वती यह देख कर लज्जित हो गईं। उन्होंने शंभु से कहा—"हे देव! अब प्रयोजन नहीं है" (विलास का प्रयोजन नहीं है।) तब शंकर ने सामने फिर रहे पक्षीरूपी अग्नि से कहा—"हे

अग्नि! तुम पहचान लिये गये। कुछ कहने की आवश्यकता नहीं है। अपना मुख खोलो तथा उसमें यह लेकर जाओ।" यह कहकर महेश्वर ने अग्नि के मुख में अपना वीर्य प्रचुर परिमाण में छोड़ दिया। उस समय अग्नि उस शिव के वीर्य का वहन मुख में कर सकने में असमर्थ हो गये। वे किसी प्रकार अत्यन्त कष्ट के साथ थके हुये देवसरिता गंगा के तट पर पहुंचे और वहां समागत कृत्तिकाओं में उन्होंने वह वीर्य छोड़ दिया। कृत्तिकाओं में जाकर वह वीर्य कार्तिक नामक पुत्ररूप में उत्पन्न हो गया।।२०-२३।।

अन्यान्य वीर्य से मिश्रित होकर जन्म लेने वाले अग्नि के पुत्र-कन्या दोषयुक्त थे। सुवर्ण अनेक रूप धरता था। वह देवगण के उत्तम रूप को धारण करके इन्द्र, वायु, कुबेर, जलेश्वर वरुण तथा अन्य मुनियों का रूप धरता उनकी पत्नियों से सतत् संगम करता रहता। जिस रमणीय रूप को जो नारी रुचिकर मानती, सुवर्ण वैसा ही रूप धारण करता तथा उस नारी से संगम करता। वह अग्निपुत्र इस प्रकार से पतिव्रता नारीगण से भी

उनके पति का रूप धारण करके संगमरत हो जाता। वह इस प्रकार नित्य अपनी इच्छा से कामवासना तृप्त करता रमणरत रहता। वह इस प्रकार कामदेव को तृप्त करता रहता था।।२९-३१।।

क्रत्वा गता क्वापि चैवं सवर्णा, धर्मस्य भार्याऽपि सुवर्णनाम्नी।

4:11 PM

विक्रीणीते यश्च कन्यामश्वं वा गां तिलानपि॥११॥

विष्टि कहती है—जो पिता बाल्यावस्था में ही सुरूप पात्र को कन्या प्रदान करता है, वही इस लोक में कृतार्थ है। अन्यथा पिता दुष्कृति कहा जाता है। चतुर्थ वर्ष से लेकर जब तक दशम वर्ष की आयु (कन्या की) व्यतीत नहीं हो जाती, तब तक इस काल के बीच में ही कन्या का विवाह कर देना पिता का कर्त्तव्य है। श्रीमान्, विद्वान्, युवा, कुलीन, यशस्वी, उदार, अभिभावकवान, पात्र को ही कन्या प्रदान करना पिता का कर्त्तव्य है। जो एतद्विपरीत कार्य करता है, वह सर्वदा नरकगामी हो जाता है। हे भास्कर! विद्वान् मनुष्य हेतु कन्या धर्म का साधन है, लेकिन काम से दग्ध लोगों के लिये, इन मूर्खों के लिये, वह नरक की हेतुरूपा है। एक ओर शैल-वन-कानन समन्विता पृथिवी है तो दूसरी ओर उत्तम अलंकृता रोगहीना सुकन्या है। ये दोनों बराबर, एक तुल्य कथित हैं। जो मनुष्य कन्या, अश्व, गौ तथा तिल का विक्रय करता है।।६-११।।

न तस्य रौरवादिभ्यः कदाचिन्निष्कृतिर्भवेत्।
विवाहातिक्रमः कार्यो न कन्यायाः कदाचन॥१२॥

षष्टितमोऽध्यायः

राजा भगीरथका चरित्र

नारद उवाच

भगीरथं च राजानं मृतं सृञ्जय शुश्रुम ।
(परित्राणाय पूर्वेषां येन गङ्गावतारिता ।
यस्येन्द्रो बाहुवीर्येण प्रीतो राज्ञो महात्मनः ।।
योऽश्वमेधशतैरीजे समाप्तवरदक्षिणैः ।
हविर्मन्त्रान्नसम्पन्नैर्देवानामादधान्मुदम् ।।
यस्येन्द्रो वितते यज्ञे सोमं पीत्वा मदोत्कटः ।
असुराणां सहस्राणि बहूनि च सुरेश्वरः ।।
अजयद् बाहुवीर्येण भगवाँल्लोकपूजितः ।)
येन भागीरथी गङ्गा चयनैः काञ्चनैश्चिता ।। १ ।।

नारदजी कहते हैं—सृंजय! हमारे सुननेमें आया है कि राजा भगीरथ भी मर गये, जिन्होंने अपने पूर्वजोंका उद्धार करनेके लिये इस भूतलपर गंगाजीको उतारा था। जिन महामना नरेशके बाहुबलसे इन्द्र बहुत प्रसन्न थे, जिन्होंने प्रचुर एवं उत्तम दक्षिणासे युक्त हविष्य, मन्त्र और अन्नसे सम्पन्न सौ अश्वमेध यज्ञोंका अनुष्ठान किया और देवताओंका आनन्द बढ़ाया, जिनके महान् यज्ञमें इन्द्र सोमरस पीकर मदोन्मत्त हो उठे थे तथा जिनके यहाँ रहकर लोकपूजित भगवान् देवेन्द्रने अपने बाहुबलसे अनेक सहस्र असुरोंको पराजित किया, उन्हीं राजा भगीरथने यज्ञ करते समय गंगाके दोनों किनारोंपर सोनेकी ईंटोंके घाट बनवाये थे ।।

यः सहस्रं सहस्राणां कन्या हेमविभूषिताः ।
राज्ञश्च राजपुत्रांश्च ब्राह्मणेभ्यो ह्यमन्यत ।। २ ।।

इतना ही नहीं, उन्होंने कितने ही राजाओं तथा राजपुत्रोंको जीतकर उनके यहाँसे सुवर्णमय आभूषणोंसे विभूषित दस लाख कन्याएँ लाकर उन्हें ब्राह्मणोंको दान किया था ।। २ ।।

सर्वा रथगताः कन्या रथाः सर्वे चतुर्युजः ।
रथे रथे शतं नागाः सर्वे वै हेममालिनः ।। ३ ।।

Shri Ramcharitm...

हे विप्र! हमारे अपराधोंकी क्षमा कीजिये॥ ४॥

दो०—बार बार मुनि बिप्रबर कहा राम सन राम।
बोले भृगुपति सरुष हसि तहूँ बंधु सम बाम॥ २८२॥

श्रीरामचन्द्रजीने परशुरामजीको बार-बार 'मुनि' और 'विप्रवर' कहा। तब भृगुपति (परशुरामजी) कुपित होकर [अथवा क्रोधकी हँसी हँसकर] बोले—तू भी अपने भाईके समान ही टेढ़ा है॥ २८२॥

निपटहिं द्विज करि जानहि मोही। मैं जस बिप्र सुनावउँ तोही॥
चाप स्रुवा सर आहुति जानू। कोपु मोर अति घोर कृसानू॥

तू मुझे निरा ब्राह्मण ही समझता है? मैं जैसा विप्र हूँ, तुझे सुनाता हूँ। धनुषको स्रुवा, बाणको आहुति और मेरे क्रोधको अत्यन्त भयङ्कर अग्नि जान॥ १॥

समिधि सेन चतुरंग सुहाई। महा महीप भए पसु आई॥
मैं एहिं परसु काटि बलि दीन्हे। समर जग्य जप कोटिन्ह कीन्हे॥

चतुरंगिणी सेना सुन्दर समिधाएँ (यज्ञमें जलायी जानेवाली लकड़ियाँ) हैं। बड़े-बड़े राजा उसमें आकर बलिके पशु हुए हैं, जिनको मैंने इसी फरसेसे काटकर बलि दिया है। ऐसे करोड़ों जपयुक्त रणयज्ञ मैंने किये हैं (अर्थात् जैसे मन्त्रोच्चारणपूर्वक 'स्वाहा' शब्दके साथ आहुति दी जाती है, उसी प्रकार मैंने पुकार-पुकारकर राजाओंकी बलि दी है)॥ २॥

मोर प्रभाउ बिदित नहिं तोरें। बोलसि निदरि बिप्र के भोरें॥
भंजेउ चापु दापु बड़ बाढ़ा। अहमिति मनहुँ जीति जगु ठाढ़ा॥

मेरा प्रभाव तुझे मालूम नहीं है, इसीसे तू ब्राह्मणके धोखे मेरा निरादर करके बोल रहा है। धनुष तोड़ डाला, इससे तेरा घमंड बहुत बढ़ गया है। ऐसा अहंकार है, मानो संसारको जीतकर खड़ा है॥ ३॥

राम कहा मुनि कहहु बिचारी। रिस अति बड़ि लघु चूक हमारी॥
छुअतहिं टूट पिनाक पुराना। मैं केहि हेतु करौं अभिमाना॥

श्रीरामचन्द्रजीने कहा—हे मुनि! विचारकर बोलिये। आपका क्रोध बहुत बड़ा है। और मेरी भूल बहुत छोटी है। पुराना धनुष था, छूते ही टूट गया। मैं किस कारण अभिमान करूँ?॥ ४॥

दो०—जौं हम निदरहिं बिप्र बदि सत्य सुनहु भृगुनाथ।
तौ अस को जग सुभटु जेहि भय बस नावहिं माथ॥ २८३॥

हे भृगुनाथ! यदि हम सचमुच ब्राह्मण कहकर निरादर करते हैं, तो यह सत्य सुनिये, फिर संसारमें ऐसा कौन योद्धा है जिसे हम डरके मारे मस्तक नवायें?॥ २८३॥

देव दनुज भूपति भट नाना। समबल अधिक होउ बलवाना॥
जौं रन हमहि पचारै कोऊ। लरहिं सुखेन कालु किन होऊ॥

लागहिं कुमुख बचन सुभ कैसे। मगहँ गयादिक तीरथ जैसे॥
रामहि मातु बचन सब भाए। जिमि सुरसरि गत सलिल सुहाए॥

कैकेयीके बुरे मुखमें ये शुभ वचन कैसे लगते हैं जैसे मगध देशमें गया आदिक तीर्थ! श्रीरामचन्द्रजीको माता कैकेयीके सब वचन ऐसे अच्छे लगे जैसे गङ्गाजीमें जाकर [अच्छे-बुरे सभी प्रकारके] जल शुभ, सुन्दर हो जाते हैं॥ ४॥

ततः संभुज्यमानासु देवपत्नीषु नारद। नाशक्नुवन्वारयितुं कार्तिकेयं दिवौकसः॥५॥

ततो निवेदयामासुः पार्वत्यै पुत्रकर्म तत्।
असकृद्वार्यमाणोऽपि मात्रा देवैः स शक्तिधृक्॥६॥
नैवासावकरोद्वाक्यं स्त्रीष्वासक्तस्तु षण्मुखः।
अभिशापभयाद्भीता पार्वती पर्यचिन्तयत्॥७॥

माता का यह कथन सुनकर कार्त्तिकेय सुख पूर्वक तथा बलात् देवस्त्रियों के साथ रमण करने लगे तथा देवपत्नियां भी उनके साथ रतिक्रीड़ा में आसक्त हो गयीं। हे नारद! तभी से सभी देवपत्नियां कार्त्तिकेय द्वारा उपभोग की जाने लगीं। देवता लोग किसी भी प्रकार से कार्त्तिकेय को इस कार्य से रोक नहीं सके। इससे त्रस्त होकर सभी देवता भगवती पार्वती के पास जाकर उनके पुत्र का यह अपकृत्य भगवती से कहने लगे। लेकिन वे षडानन स्कन्ददेव अत्यन्त शक्तिशाली थे तथा उन स्त्रियों के प्रति वे इतने आसक्त हो गये थे, जिसके कारण भगवती पार्वती माता और अन्य देवताओं के द्वारा पुनः-पुनः रोके जाने पर भी उन्होंने सबकी बातों को अनसुनी कर दिया। यह देख कर माता पार्वती ने अभिशाप भय से व्याकुल होकर तथा पुत्रस्नेह के कारण चिन्तातुर होकर विचार किया।।४-७।।

आनीयते महाराज तस्याः सर्वं निवेद्य च॥६॥

उर्वशी कहती है—हे महाराज! उनसे सभी बातें निवेदित करके लाती हूं।।६।।

ब्रह्मोवाच

ततस्तां प्राहिणोत्तत्र राजा प्रीत्या तदोर्वशीम्। सा गत्वा राजवचनं न्यवेदयदथोर्वशी॥७॥
सरस्वत्यपि तन्मेने उर्वश्या यन्निवेदितम्। सा तथेति प्रतिज्ञाय प्रायाद्यत्र पुरूरवाः॥८॥
सरस्वत्यास्ततस्तीरे स रेमे बहुलाः समाः। सरस्वानभवत्पुत्रो यस्य पुत्रो बृहद्रथः॥९॥

ब्रह्मा कहते हैं—उर्वशी को तब राजा ने सरस्वती को लाने के लिये भेज दिया। उर्वशी ने सरस्वती से जाकर राजा का संवाद कहा। सरस्वती ने तब उर्वशी के कथन का अनुमोदन किया और 'तथास्तु' कहकर वे पुरूरवा के पास आ गयीं। पुरूरवा ने सरस्वती के साथ अनेक वर्षों तक रमण किया। सरस्वती के गर्भ से सरस्वान राजा जन्मा। उसका पुत्र था बृहद्रथ।।७-९।।

तां गच्छन्तीं नृपगृहं नित्यमेव सरस्वतीम्।

4:43 PM

ब्रह्मा कहते हैं—सावित्री, गायत्री, श्रद्धा, मेधा, सरस्वती—ये पांच तीर्थ मुनिगण के अनुसार अतीव पुण्यमय स्थल हैं। यहां इन सबमें स्नान करने वाला सर्वपाप रहित हो जाता है। सावित्री, गायत्री, श्रद्धा, मेधा, सरस्वती, ये सब मेरी ही कन्यायें हैं। ये सभी धर्म की स्थापना की कारण हैं। इनमें से ज्येष्ठा कन्या सावित्री को मैंने सर्वलोक सुन्दरी और सर्वश्रेष्ठ रूप में सृष्ट किया है। हे मुनिप्रवर! उसे देख कर मेरी भी बुद्धि विकृत हो गयी थी। मैंने उसे ग्रहण कर लिया था। लेकिन वह बाला मुझे देखकर मृगीरूप धारण करके भाग गई। मैं भी मृगरूपी होकर उसका पीछा करने लगा था। तभी धर्मरक्षार्थ भगवान् शंभु मृगव्याध रूप में वहां आ गये।।१-५।।

ता मद्भीताः पञ्च सुता गङ्गामीयुर्महानदीम्। ततो महेश्वरः प्रयाद्धर्मसंरक्षणाय सः।।६।।
धर्नुर्गृहीत्वा सशरमीशोऽपि मृगरूपिणम्। मामुवाच वधिष्ये त्वां मृगव्याधस्तदा हरः।।७।।

उस समय मुझे देख कर पांच कन्यायें भयभीत हो गईं। उन्होंने जाकर महानदी गंगा में शरण लिया था। मृगव्याध रूपी महेश्वर ने धर्मरक्षार्थ हाथ में धनुष-वाण लेकर मुझ मृगरूपी से कहा कि मैं तुम्हारा वध करूंगा।।६-७।।

स्त्रियः पीनपयोभाराः कञ्चुकैः स्वस्तनावृताः॥८७॥
मध्यहीनाश्च सुश्रोण्यः पद्मपत्रायतेक्षणाः। हावभावान्वितग्रीवा बह्व्यो वलयभूषिताः॥८८॥
पादनूपुरसंयुक्ताः पट्टदुकूलवाससः। एकैकशोऽददात्तस्मिन्काम्याश्च कामिनीर्बहूः॥८९॥

ब्रह्मा कहते हैं—हे ऋषिवृन्द! महाबाहु राजा यह कहकर कोटि-कोटि स्वर्ण दान करने लगे। उन्होंने वेदज्ञ ब्राह्मणों को लाखों करेणु, करोड़ों आभूषण, एक लक्ष हाथी, दस लाख अश्व, एक अरब बैल, स्वर्ण से मढ़ी सींगों वाली सुन्दर दुग्धवती गायें प्रदान करने के साथ उनको कीमती वस्त्र, कालीन, प्रवालादि मणि तथा विविध रत्न प्रदान किया। उन्होंने गौरवर्ण, कमलनयनी, वज्रमणि, वैदूर्य, मुक्ता से अलंकृत ५०० कन्यायें ब्राह्मणों को प्रदान किया। हे द्विजप्रवरगण! राजा ने इस यज्ञ में प्रत्येक ब्राह्मण को जो स्त्रियां प्रदान किया था, वे सभी स्थूल तथा उन्नत स्तनों के भार से झुकी हुई थीं। उनके स्तन कञ्चुक (चोली) से ढंके थे। उनकी कमर पतली तथा सुन्दर थी। उनके नेत्र पद्मपलाश जैसे आयत थे। पैर नूपुरों से सजे थे। समस्त अंग पट्टवस्त्र से लिपटे थे। वे हाव-भाव-विलास से युक्त थीं। वे सभी वलय आदि अलंकारों से अलंकृत थीं।।८१-८९।।

अर्थिभ्यो ब्राह्मणादिभ्यो हयमेधे द्विजोत्तमाः।
भक्ष्यं भोज्यं च सम्पूर्णं नानासंभारसंयुतम्॥९०॥

12:15 PM

लोमहर्षण उवाच

रविचन्द्रमसोर्यावन्मयूखैरवभास्यते। ससमुद्रसरिच्छैला तावती पृथिवी स्मृता॥३॥
यावत्प्रमाणा पृथिवी विस्तारपरिमण्डला। नभस्तावत्प्रमाणं हि विस्तारपरिमण्डलम्॥४॥
पार्वती देवीने कहा—नारद ! युवती स्त्रियोंका चित्त सदा पुरुषोंमें ही लगा रहता है, इसमें तनिक भी सन्देह नहीं है। नारी घीसे भरे हुए घड़ेके समान है और पुरुष दहकते हुए अँगारेके समान; इसलिये घी और अग्निको एक स्थानपर नहीं रखना चाहिये।* जैसे मतवाले हाथीको महावत अङ्कुश और मुगदरकी सहायतासे अपने वशमें करता है, उसी प्रकार स्त्रियोंका रक्षक उन्हें दण्डके बलसे ही काबूमें रख सकता है। बचपनमें पिता, जवानीमें पति और बुढ़ापेमें पुत्र नारीकी रक्षा करता है; उसे कभी स्वतन्त्रता नहीं देनी चाहिये।† सुन्दरी स्त्रीको यदि उसकी इच्छाके अनुसार स्वतन्त्र छोड़ दिया जाय तो पर-पुरुषकी प्रार्थनासे अधीर होकर वह उसके आदेशके अनुसार व्यभिचारमें प्रवृत्त हो जाती है। जैसे तैयार की हुई रसोईपर दृष्टि न रखनेसे उसपर कौए और कुत्ते अधिकार जमा लेते हैं, उसी प्रकार युवती नारी स्वच्छन्द होनेपर व्यभिचारिणी हो जाती है। फिर उस कुलटाके संसर्गसे सारा कुल दूषित हो जाता है। पराये बीजसे उत्पन्न होनेवाला मनुष्य वर्णसंकर कहलाता है।‡ सदाचारिणी स्त्री पितृकुल और पतिकुल—दोनों कुलोंका सम्मान बढ़ाती हुई उन्हें कायम रखती है। साध्वी नारी अपने कुलका उद्धार करती और दुराचारिणी उसे नरकमें गिराती है। कहते हैं—संसारमें स्त्रीके ही अधीन स्वर्ग, कुल, कलङ्क, यश, अपयश, पुत्र, पुत्री और मित्र आदिकी स्थिति है। इसलिये विद्वान् पुरुष सत्पात्रकी

किये बिना ही मर जाता है, वह कौआ होता है। सौ वर्षोंतक कौएकी योनिमें रहनेके बाद वह मुर्गा होता है। तत्पश्चात् एक मासतक सर्पकी योनिमें निवास करता है। उसके बाद वह मनुष्य होता है। जो पिताके समान बड़े भाईका अपमान करता है, वह मृत्युके बाद क्रौञ्च-योनिमें जन्म लेता है और दस वर्षोंतक जीवन धारण करता है। तत्पश्चात् मरनेपर वह मनुष्य होता है। शूद्रजातीय पुरुष ब्राह्मणीके साथ समागम करनेपर कीड़ेकी योनिमें जन्म लेता है। उससे मृत्यु होनेपर वह सूअर होता है। सूअरकी योनिमें जन्म लेते ही रोगसे उसकी मृत्यु हो जाती है। तदनन्तर वह मूर्ख पूर्वोक्त पापके ही फलस्वरूप कुत्तेकी योनिमें उत्पन्न होता है। उसके बाद उसे मानव-शरीरकी प्राप्ति होती है। मानवयोनिमें संतान उत्पन्न करके वह मर जाता है और चूहेका जन्म पाता है। कृतघ्न मनुष्य मृत्युके बाद जब यमराजके लोकमें जाता है, उस समय क्रूर यमदूत उसे बाँधकर भयंकर दण्ड देते हैं। उस दण्डसे उसको बड़ी वेदना होती है। दण्ड, मुद्गर, शूल, भयंकर अग्निदण्ड, असिपत्रवन, तप्तवालुका तथा कूटशाल्मलि आदि

(369 / 434) -सी घोर यातनाओंका अनुभव करके वह संसारचक्रमें आता और कीडेकी योनिमें

दक्षिणमें एक यवनोंका राजा रहता था, उसने अपने पुत्र कालयवनको अपने राज्यपर अभिषिक्त किया और स्वयं वनमें चला गया। कालयवन बलके मदसे उन्मत्त रहता था। एक बार उसने नारदजीसे पूछा—'पृथ्वीपर बलवान् राजा कौन-कौन-से हैं?' नारदजीने यादवोंको बतलाया। उसने हाथी, घोड़े और रथसहित खरबों म्लेच्छोंकी सेना साथ लेकर यादवोंपर आक्रमणकी तैयारी की। वह प्रतिदिन अविच्छिन्न गतिसे यात्रा करता हुआ मथुराको गया। यादवोंके प्रति उसके हृदयमें बड़ा अमर्ष था। उसके आक्रमणका समाचार जानकर श्रीकृष्णने सोचा—'यदि कालयवनने आकर यादवोंकी सेनाका संहार कर दिया तो अवसर देखकर मगधराज जरासंध भी आक्रमण करेगा और यदि पहले जरासंधने ही आकर हमारी सेनाको क्षीण कर दिया तो बलवान् कालयवन बचे-खुचे सैनिकोंको मार डालेगा। अहो! यदुवंशियोंपर दोनों प्रकारसे संकट उपस्थित है; अतः इससे बचनेके लिये मैं यादवोंके निमित्त अत्यन्त दुर्जय दुर्गका निर्माण करूँगा, जहाँ रहकर स्त्रियाँ भी युद्ध कर सकती हैं, फिर वृष्णियों और यादवोंकी तो बात ही क्या। यदि मैं सोया अथवा बाहर गया होऊँ तो भी उस दुर्गमें रहनेपर दुष्ट शत्रु यादवोंको अधिक कष्ट न दे सकें।' यह सोचकर

(322 / 434)

मुद्रसे बारह योजन भूमि माँगी और उसीमें द्वारकापुरीका निर्माण किया। उसमें बड़े-

बाहर
अस्त्र
काल
ही व
पीछा
द्वारा
पकड़
उसके
गुफामें
सोये
करके
समझ



हुआ। उनका अग्निहोत्र और भोजन छूट गया। वे न किसीकी बात सुनते थे और न किसीकी ओर देखते थे। मृतककी-सी अवस्थामें पड़े रहते थे। उस समय पुरोहितने युक्तियुक्त वचनोंद्वारा उन्हें समझाया—'राजन्! तुम तो बुद्धिमान् हो; क्या तुम्हें मालूम नहीं है कि इन स्त्रियोंका हृदय भेड़ियोंकी तरह कठोर होता है। तुम शोक न करो। महाराज! इस संसारमें कौन ऐसा पुरुष है, जो कामिनियोंसे ठगा न गया हो। वञ्चना, क्रूरता, चञ्चलता और दुश्चरित्रता—ये जिन स्त्रियोंके स्वाभाविक दुर्गुण हैं, वे सुखदायिनी कैसे हो सकती हैं? कालने किसको नहीं मारा। याचक होनेपर किसको गौरव प्राप्त हुआ। धन-सम्पत्तिसे किसका मन भ्रान्त नहीं हुआ और युवती स्त्रियोंने किसको धोखा नहीं दिया।* राजन्! जिनका हृदय मदसे उन्मत्त रहता है, वे युवतियाँ स्वप्न और मायाके समान मिथ्या हैं। वे किसको सुख दे सकती हैं। यह जानकर तुम निश्चिन्त हो जाओ। महामते! भगवान् शंकर, विष्णु तथा गोदावरी नदीको छोड़कर तीनों लोकोंमें दूसरा कोई ऐसा नहीं है, जो दुःखियोंको शरण दे सके।'

पुरोहितका यह कथन सुनकर राजाने यत्नपूर्वक अपने दुःखको दूर किया। वे गोदावरीके मध्यभागमें (जहाँ रेत थी) रहकर भगवान् शिव, विष्णु, ब्रह्मा, सूर्य, गङ्गा तथा अन्यान्य देवताओंकी आराधना

(245 / 434) । जो विपत्तिमें पड़नेपर तीर्थों और

...ण पत्नी-त्यागके दोषका वर्णन, दुर्वासाका पुनः ...कृष्णका युधिष्ठिरके राजसूययज्ञमें पधारना, ...सके आत्माद्वारा श्रीकृष्णका स्तवन, ...ण-चरितका निरूपण

...र्षि दुर्वासा ...क्तिपूर्वक ...लासको ... शिवाको ...त्रभावसे ...ी स्तुति ..., अपनी ...वैराग्यका ...ी पार्वती ... संनिकट ...र्ति। ...का तत्त्व ...नते हो।

भला, तुम अपनी संतानहीना पत्नीका परित्याग करके कहाँ तपस्याके लिये जा रहे हो? जो अपनी कुलीना पतिव्रता युवती पत्नीको संतानहीन अवस्थामें त्यागकर संन्यासी, ब्रह्मचारी अथवा यति हो जाता है; व्यापार अथवा नौकर आदिके निमित्त चिरकालके लिये दूर चला जाता है, मोक्षके हेतु अथवा आवागमनका विनाश करनेके लिये तीर्थवासी अथवा तपस्वी हो जाता है, उसे पत्नीके शापसे मोक्ष तो मिलता नहीं; उलटे धर्मका नाश हो जाता है—परलोकमें उसे निश्चय ही नरककी प्राप्ति होती है और इस लोकमें उसकी कीर्ति नष्ट हो जाती है। ऐसा कमलजन्मा ब्रह्माने कहा है। इसलिये हे विप्र! इस समय

दिया। तब उसने भी पति और अग्निकी परिक्रमा करके कहा—'स्वामीके साथ चितामें प्रवेश करना स्त्रियोंके लिये बहुत बड़ा धर्म है। वेदमें इस मार्गका विधान है और लोकमें भी सबने इसकी प्रशंसा की है। जैसे साँप पकड़नेवाला मनुष्य साँपको बिलसे बलपूर्वक निकाल लेता है, उसी प्रकार पतिका अनुगमन करनेवाली नारी पतिके साथ ही स्वर्गलोकमें जाती है।'[२]

यों कहकर कपोतीने पृथ्वी, देवता, गङ्गा

त्। एतदप्यर्थिने देयं शीतार्तो लुब्धकस्त्वयम्॥ (८०।६०)

म्। वेदे च विहितो मार्गः सर्वलोकेषु पूजितः॥

त्। एवं त्वनुगता नारी सह भर्त्रा दिवं व्रजेत्॥

(८०।७५-७६)

जाकर राजाका संदेश सुना दिया। सरस्वतीने स्वीकार कर लिया तथा अपनी प्रतिज्ञाके अनुसार वह पुरूरवाके पास आयी। राजाने सरस्वती नदीके तटपर उसके साथ अनेक वर्षोंतक विहार किया। यह देख मैंने सरस्वतीको शाप दे दिया। मेरे शापके कारण वह मृत्युलोकमें कहीं लुप्त हो गयी है और कहीं दिखायी देती है। जहाँ सरस्वती नदी गङ्गामें मिली है, वहाँ पहुँचकर राजा पुरूरवाने तपस्या की और महादेवजीकी आराधना करके गङ्गाजीके प्रसादसे सम्पूर्ण अभीष्ट प्राप्त कर लिया। तबसे उस स्थानका नाम पुरूरवस्तीर्थ, सरस्वती-संगम और ब्रह्मतीर्थ पड़ गया। वहाँ सिद्धेश्वर नामसे प्रसिद्ध महादेवजी रहते हैं। वह तीर्थ समस्त कामनाओंको देनेवाला है।

उसके सिवा सावित्री, गायत्री, श्रद्धा, मेधा और सरस्वती—ये पाँच पुण्य तीर्थ हैं। वहाँ स्नान और जलपान करनेसे मनुष्य सब पापोंसे मुक्त हो [illegible] है। ये पाँचों मेरी कन्याएँ हैं, जो नदीरूपमें [illegible] हो गयी हैं। जहाँ वे भगवती गङ्गासे

नित्य वेद का अध्ययन करने वाले, तथा जप और होम करने वाले, किन्तु शूद्र के अन्न के रस से पुष्ट होने वाले, (द्विज) को उक्त गति प्राप्त नहीं होती।

शूद्रान्न शूद्रसम्पर्कः शूद्रेण तु सहासनम्।
शूद्राज्ज्ञानागमश्चापि ज्वलन्तमपि पातयेत् ॥३२॥

शूद्र का अन्न, शूद्र का सम्पर्क, शूद्र के साथ एक आसन पर बैठना और शूद्र से ज्ञान प्राप्त करना—ये सब बातें प्रतापी को भी पतित कर देती हैं।

यः शूद्र्या पाचयेन्नित्य शूद्री च गृहमेधिनी।
वर्जितः पितृदेवेभ्यो रौरवं याति स द्विजः ॥३३॥

जो शूद्री से भोजन पकवाता है और शूद्री को जिसने पत्नी बना रखा है, पितरों और देवों से परित्यक्त वह द्विज रौरव नरक में जाता है।

मृतसूतकपुष्टाङ्गो द्विजः शूद्रान्नभोजने।
अहं तां न विजानामि कां कां योनिं गमिष्यति ॥३४॥

मृतक और सूतक में भोजन करने से पुष्ट हुए अ गों वाले और शूद्र के अन्न का भोजन करने वाले उस द्विज को मै नहीं जानता, कि वह किस-किस योनि में जाएगा।

गृध्रो द्वादश जन्मानि दश जन्मानि शूकरः।
श्वयोनौ सप्त जन्मानि इत्येवं मनुरब्रवीत् ॥३५॥

423

बारह जन्मों तक गीध, दस जन्मो तक सूअर बनेगा, और सात जन्मों तक कुत्ते की योनि में जाएगा-- ऐसा मनु का कथन है।

दक्षिणार्थं तु यो विप्रः शूद्रस्य जुहुयाद्धविः।
ब्राह्मणस्तु भवेच्छूद्रः शूद्रस्तु ब्राह्मणो भवेत् ॥३६॥

दक्षिणा के लिये जो ब्राह्मण शूद्र का होम कराएगा, तो वह ब्राह्मण शूद्र हो जाएगा और शूद्र ब्राह्मण हो जाएगा।

मौनव्रतं समाश्रित्य आसीनो न वदेद् द्विजः।
भुञ्जानो हि वदेद्यस्तु तदन्नं परिवर्जयेत् ॥३७॥

मौन व्रत धारण करके बैठा हुआ द्विज न बोले, और जो भोजन करता हुआ बोलता है, वह उस अन्न को (जिसे वह खा रहा है) त्याग दे।

ऊषरे वापितं वीजं भिन्नभाण्डेषु गोदुहम् ।
हुत भस्मनि हव्यञ्च मूर्खे दानमशाश्वतम् ॥६२॥

ऊषर में बोया हुआ बीज, फूटे पात्रों में दुहा हुआ गऊ का दूध, राख में डाली हुई आहुति और मूर्ख को दिया हुआ दान नाशवान् होता है ।

मृतसूतकपुष्टाङ्गो द्विज शूद्रान्नभोजने ।
अहमेवं न जानामि का योनि स गमिष्यति ॥६३॥

मृतक और सूतक के अन्न से पुष्ट हुए अगों वाला और शूद्र द्वारा पकाए अन्न का भोजन करने वाला ब्राह्मण मैं नहीं जानता कि वह किस योनि में जाएगा ।

शूद्रान्नेनोदरस्थेन यदि कश्चिन्म्रियेत यः ।
स भवेच्छूकरो नूनं तस्य वा जायते कुले ॥६४॥

जो कोई भी मनुष्य यदि उदर में स्थित शूद्र के अन्न के साथ मर जाए, तो वह निश्चय से सूअर बनता है, अथवा उस (शूद्र) के कुल में उत्पन्न हो जाता है ।

गृध्रो द्वादश जन्मानि सप्त जन्मानि शूकरः ।
श्वा चैव सप्त जन्मानि इत्येवं मनुरब्रवीत् ॥६५॥

बारह जन्मों तक गीध, सात जन्मों तक सूअर और सात जन्मों तक कुत्ता बनता है, ऐसा मनु ने कहा है ।

अमृतं ब्राह्मणान्नेन दरिद्रं क्षत्रियस्य च ।
वैश्यान्नेन तु शूद्रत्व शूद्रान्नान्नरकं व्रजेत् ॥६६॥

ब्राह्मण के अन्न से अमृत (मोक्ष), क्षत्रिय के अन्न से दरिद्रता, वैश्य के अन्न से शूद्रता और शूद्र के अन्न से (मनुष्य) नरक को प्राप्त करता है ।

यश्च भुङ्क्तेऽथ शूद्रान्नं मासमेकं निरन्तरम् ।
इह जन्मनि शूद्रत्वं मृतः श्वा चैव जायते ॥६७॥

और जो मनुष्य एक मास तक निरन्तर शूद्र का अन्न खाए, तो इस जन्म में शूद्रता को प्राप्त करता है, और मरकर कुत्ता उत्पन्न होता है ।

यस्य शूद्रा पचेन्नित्यं शूद्रा वा गृहमेधिनी ।
वर्जितः पितृदेवैस्तु रौरवं याति स द्विजः ॥६८॥

जिसके लिये शूद्र स्त्री नित्य भोजन पकाती है, अथवा शूद्रा जिसके घर वाली है, पितरों और देवताओं से त्यागा हुआ वह द्विज रौरव नरक में जाता है ।'

braham
vaivat puran

है। है। और और ण्णव ण्णव ाकर लेता ामन ब्रह्म ुरुष जाते कोंमें आते । वे और हैं। , वे भी ! जो

ही नरकमें जाते हैं। चारों ही वर्ण अपने धर्ममें कटिबद्ध रहनेपर ही शुभकर्मका फल भोगनेके अधिकारी होते हैं। जो अपना कर्तव्य-कर्म नही करते, वे अवश्य ही नरकमें जाते हैं। कर्मका फल भोगनेके लिये वे भारतवर्षमें नहीं आ सकते। अतएव चारों वर्णोंके लिये अपने धर्मका पालन करना अत्यन्त आवश्यक है।

अपने धर्ममें संलग्न रहनेवाले ब्राह्मण, स्वधर्मनिरत विप्रको अपनी कन्या देनेके फलस्वरूप चन्द्रलोकको जाते हैं और वहाँ चौदह मन्वन्तर कालतक रहते हैं। साध्वि! यदि कन्याको अलंकृत करके दानमें दिया जाय तो उससे दुगुना फल प्राप्त होता है। उन साधु पुरुषोंमें यदि कामना हो तब तो वे चन्द्रमाके लोकमें जाते हैं। निष्कामभावसे दान करें तो वे भगवान् विष्णुके परम धाममें पहुँच जाते हैं। गव्य (दूध), चाँदी, सुवर्ण, वस्त्र, घृत, फल और जल ब्राह्मणोंको देनेवाले पुण्यात्मा पुरुष चन्द्रलोकमें जाते हैं। साध्वि! एक मन्वन्तरतक वे वहाँ सुविधापूर्वक निवास करते हैं। उस दानके प्रभावसे उन्हें वहाँ सुदीर्घ कालतक निवास प्राप्त होता है। पतिव्रते! पवित्र ब्राह्मणको और ताम्र आदि द्रव्यका दान करनेवाले

अपात्रीकरण पातक करनेपर एक मासतक चान्द्रायणव्रत करनेसे शुद्धि होती है। मलिनीकरण पातक होनेपर तीन दिनतक तप्तयावकका पान करे। क्षत्रियका वध करनेपर ब्रह्महत्याका चौथाई प्रायश्चित्त विहित है। वैश्यका वध करनेपर अष्टमांश, सदाचारी शूद्रका वध करनेपर षोडशांश प्रायश्चित्त करे। बिल्ली, नेवला, नीलकण्ठ, मेढक, कुत्ता, गोह, उलूक, काक अथवा चारोंमेंसे किसी वर्णकी स्त्रीकी हत्या होनेपर शूद्रहत्याका प्रायश्चित्त करे। स्त्रीकी अज्ञानवश हत्या करके भी शूद्रहत्याका प्रायश्चित्त करे। सर्पादिका वध होनेपर 'नक्तव्रत' और अस्थिहीन जीवोंकी हत्या होनेपर 'प्राणायाम' करे॥ १८—२८॥

औषध अ
दूध पीक

मित्रप
वीर्यपात व
फुफेरी ब
बहनसे ग

मनुष्येतर
अन्य स्था

मनुष्य 'कृ
स्त्रीके सा
मैथुन क
चाण्डाल अ
समागम

ब्राह्मणका चरणोदक पीते रहो। इससे कामदेवके समान रूपवान् तथा रोगहीन हो जाओगे। जबतक पृथ्वी ब्राह्मणके चरणोदकसे भीगी रहती है, तबतक उस ब्राह्मणभक्त पुरुषके पितर कमलके पत्तोंमें जल पीते हैं। पृथ्वीपर जो-जो तीर्थ हैं, वे सब समुद्रमें भी हैं और समुद्रमें जो तीर्थ हैं, वे सब ब्राह्मणके चरणोंमें हैं। ब्राह्मणका चरणोदक पापों तथा रोगोंका विनाश करनेवाला है। वह सम्पूर्ण तीर्थोंके जलके समान भोग तथा मोक्ष देनेवाला और शुभ है। ब्राह्मण मनुष्यके रूपमें साक्षात् देवाधिदेव जनार्दन हैं। ब्राह्मणके दिये हुए पदार्थको सब देवता भोग लगाते हैं।

ऐसा कहकर ब्राह्मण सुतपा सुयज्ञके सत्कारको ग्रहण करके अपने घरको चले गये। जाते-जाते

दिव्[illegible]
किय[illegible]
परमेश्वरी
राजाके
मनुष्यदेह
कर लि

विमानद्वारा राजाको साथ ले गोलोकमें चली गयीं। राजाने विरजा नदी तथा मनोहर शतशृङ्ग पर्वतसे घिरे हुए, श्रीवृन्दावनसे युक्त तथा रासमण्डलसे मण्डित गोलोकका दर्शन किया। वह धाम गौओं, [illegible]पसमूहोंसे सेवित तथा रत्नेन्द्रसारसे [illegible] मनोहर भवनोंद्वारा सुशोभित हो



श्रीराधाजीका गङ्गापर रोष, श्रीकृष्णके प्रति राधाका उपालम्भ, श्रीराधाके भयसे गङ्गाका श्रीकृष्णके चरणोंमें छिप जाना, जलाभावसे पीड़ित देवताओंका गोलोकमें जाना, ब्रह्माजीकी स्तुतिसे राधाका प्रसन्न होना तथा गङ्गाका प्रकट होना, देवताओंके प्रति श्रीकृष्णका आदेश तथा गङ्गाके विष्णुपत्नी होनेका प्रसङ्ग

नारदजीने पूछा—सुरेश्वर! कलिके पाँच हजार वर्ष बीत जानेपर गङ्गाका कहाँ जाना होगा? महाभाग! यह प्रसङ्ग मुझे बतानेकी कृपा कीजिये।

भगवान् नारायणने कहा—नारद! सरस्वतीके शापसे गङ्गा भारतवर्षमें आयीं। शापकी अवधि पूरी हो जानेपर वह पुनः भगवान् श्रीहरिकी आज्ञासे वैकुण्ठमें चली जायँगी। ऐसे ही सरस्वती भारतवर्षको छोड़कर श्रीहरिके धाममें पधारेंगी। शाप समाप्त हो जानेपर लक्ष्मीका भी भगवान्के पास पधारना होगा। नारद! ये ही गङ्गा, सरस्वती और लक्ष्मी भगवान् श्रीहरिकी प्रेयसी पत्नियाँ हैं। ब्रह्मन्! तुलसीसहित चार पत्नियाँ वेदोंमें प्रसिद्ध हैं।

नारदजीने पूछा—भगवन्! भगवान् श्रीहरिके चरणकमलोंसे प्रकट हुई गङ्गादेवी किस प्रकार परब्रह्मके कमण्डलुमें रहीं तथा शंकरकी प्रिया होनेका सुअवसर उन्हें कैसे मिला? मुनिवर! गङ्गा भगवान् नारायणकी प्रेयसी भी हो चुकी हैं। अहो! किस प्रकार ये सभी बातें संघटित हुईं? आप यह रहस्य मुझे बतानेकी कृपा कीजिये।

भगवान् नारायणने कहा—नारद! पूर्वकालमें

सभी अङ्ग रत्नमय अलंकारोंसे अलंकृत थे। शरद्-ऋतुके मध्याह्नकालमें खिले हुए कमलकी भाँति उनका मुस्कानभरा मुख परम मनोहर था। उनकी आभा तपाये हुए सुवर्णके सदृश थी। तेजमें वह शरत्कालके चन्द्रमाको भी परास्त कर रही थीं। मनोहरसे भी मनोहर उनकी कान्ति थी। उन्होंने शुद्ध सात्त्विक स्वरूप धारण कर रखा था। विशाल दो नेत्र अनुपम शोभा बढ़ा रहे थे। अत्यन्त कटाक्षपूर्ण दृष्टिसे वे देख रही थीं। सुन्दर अलकावली शोभा बढ़ा रही थी। उसमें उन्होंने मालतीके पुष्पोंका मनोहर हार लगा रखा था। ललाटपर चन्दन-विन्दुओंके साथ सिन्दूरकी सुन्दर बिंदी थी। दोनों मनोहर गण्डस्थलोंपर कस्तूरीसे पत्ररचनाएँ हुई थीं। नीचे उनका अधर-ओष्ठ इतना सुन्दर था मानो दुपहरियाका विकसित फूल हो। दाँतोंकी अत्यन्त उज्ज्वल पंक्ति पके हुए अनारके दानोंकी भाँति चमक रही थी। अग्नि-शुद्ध दो दिव्य वस्त्रोंको उन्होंने धारण कर रखा था। ऐसी वे गङ्गा लज्जाका भाव प्रदर्शित करती हुई भगवान् श्रीकृष्णके पास विराजमान हो गयीं। वे अञ्चलसे अपना मुँह ढककर निर्निमेष नेत्रोंसे भगवान्के मुखरूपी अमृतका निरन्तर प्रसन्नतापूर्वक

अपात्रीकरण पातक करनेपर एक मासतक चान्द्रायणव्रत करनेसे शुद्धि होती है। मलिनीकरण पातक होनेपर तीन दिनतक तप्तयावकका पान करे। क्षत्रियका वध करनेपर ब्रह्महत्याका चौथाई प्रायश्चित्त विहित है। वैश्यका वध करनेपर अष्टमांश, सदाचारी शूद्रका वध करनेपर षोडशांश प्रायश्चित्त करे। बिल्ली, नेवला, नीलकण्ठ, मेढक, कुत्ता, गोह, उलूक, काक अथवा चारोंमेंसे किसी वर्णकी स्त्रीकी हत्या होनेपर शूद्रहत्याका प्रायश्चित्त करे। स्त्रीकी अज्ञानवश हत्या करके भी शूद्रहत्याका प्रायश्चित्त करे। सर्पादिका वध होनेपर 'नक्तव्रत' और अस्थिहीन जीवोंकी हत्या होनेपर 'प्राणायाम' करे॥ १८—२८॥

औषध अ
दूध पीक
मित्रप
वीर्यपात
फुफेरी ब
बहनसे
मनुष्येतर
अन्य स्था
मनुष्य 'कृ
स्त्रीके सा
मैथुन क
चाण्डाल
समागम

का ध्यान एवं पूजन
का दर्शन कराते हैं।
और जपका उपदेश
है; किंतु इष्टदेवने
ये गुरु इष्टदेवसे भी
ष्णु हैं, गुरु महेश्वरदेव
ो (दुर्गा देवी) हैं,
, गुरु ही वायु और
और सुहृद् हैं तथा
गुरुसे बढ़कर दूसरा
के रुष्ट होनेपर गुरु
करनेमें समर्थ हैं।
म्पूर्ण देवता मिलकर
नेमें समर्थ नहीं हैं।
से पग-पगपर विजय
त्र रुष्ट हैं, उसके लिये
रहती है। जो मूढ़
इष्टदेवका पूजन करता
पापका भागी होता
दमें साक्षात् भगवान्
ो है। इसलिये गुरु
जनीय हैं।
देव तथा इष्टदेवका
क वेदमें बताये हुए
क मल और मूत्रका
निकटका स्थान,
निवासके निकट,
जड़के पास, मार्ग,
ीसे भरे हुए खेत,
का स्थान, फुलवाड़ी,
भूमि, गाँव आदिके
आसपासका स्थान,
त, सरकंडोंके वन,
क्रीडास्थल (खेल-
, मचानके नीचेका

स्थान, पेड़की छायासे युक्त स्थान, जहाँ भूमिके भीतर प्राणी रहते हों वह स्थान, जहाँ ढेर-के-ढेर पत्ते जमा हों वह भूमि, जहाँ घनी दूब उगी हो अथवा कुश जमे हों वह स्थान, बाँबी, जहाँ वृक्ष लगाये गये हों वहाँकी भूमि तथा जो किसी विशेष कार्यके लिये झाड़-बुहारकर साफ की गयी हो, वह भूमि—इन सबको छोड़कर सूर्यके तापसे रहित स्थानमें गड्ढा खोद उसीमें मल-मूत्रका त्याग करना चाहिये।

दिनमें उत्तराभिमुख होकर मल-मूत्रका त्याग करे; रातमें पश्चिमकी ओर मुँह करके और संध्याकालमें दक्षिणकी ओर मुँह रखते हुए मलोत्सर्ग तथा मूत्रोत्सर्ग करना उचित है। मौन रहकर, जोर-जोरसे साँस न लेते हुए मलत्याग करे, जिससे उसकी दुर्गन्ध नाकमें न जाय। मलत्यागके पश्चात् उस मलको मिट्टी डालकर ढक दे। तदनन्तर बुद्धिमान् पुरुष गुदा आदि अङ्गोंको शुद्ध करे। पहले ढेले या मिट्टीसे गुदा आदिकी शुद्धि करे। तत्पश्चात् उसे जलसे धोकर शुद्ध करे। मृत्तिकायुक्त जो जल शौचके उपयोगमें आता है, उसका परिमाण सुनो। मूत्रत्यागके पश्चात् लिङ्गमें एक बार मिट्टी लगाये और धोये। फिर बायें हाथमें चार बार मिट्टी लगाकर धोये। तत्पश्चात् दोनों हाथोंमें दो बार मिट्टी लगाकर धोना चाहिये, यह मूत्र-शौच कहा गया। यदि मैथुनके अनन्तर मूत्र-शौच करना हो तो उसमें मिट्टी लगाने और धोनेकी संख्या दुगुनी कर दे अथवा मैथुनके अनन्तरका शौच मूत्र-शौचकी अपेक्षा चौगुना होना चाहिये। मलत्यागके पश्चात् लिङ्गमें एक बार, गुदामें तीन बार, बायें हाथमें दस बार तथा दोनों हाथोंमें सात बार मिट्टी देनी चाहिये। छठे बार मिट्टी लगाकर धोनेसे पैरोंकी शुद्धि होती है। गृहस्थ ब्राह्मणोंके लिये मलत्यागके अनन्तर यही शौच बताया गया है। विधवाओंके लिये इस शौचका परिमाण दुगुना बताया गया है।

एवं ब्रह्मचारियोंके
गुने शौचका विधान

पालन करके मुँह धोये। पहले सोलह बार कुल्ला करके मुख शुद्ध करनेके पश्चात् दँतुवनसे दाँतकी

शालिहोत्र, अग्निवेश्य, युवनाश्व, शरद्वसु, छगल, कुण्डकर्ण, कुम्भ, प्रवाहक, उलूक, विद्युत, शाद्वल, आश्वलायन, अक्षपाद, कुमार, उलूक, वत्स, कुशिक, गर्ग, मित्रक और ऋष्य (नामक शिष्य थे)॥ २२—२६॥

योगियोंके* समस्त अवतारोंकी आवृत्तिमें ये ही महात्मा शिष्य होते हैं। ये सभी शुद्ध, ब्रह्मभूयिष्ठ और ज्ञान-योगपरायण हैं। ब्राह्मणोंके कल्याणके लिये तथा वेदोंकी स्थापनाके लिये योगेश्वर(परब्रह्म)-के आदेशसे (ये महात्मा) अवतार धारण करते हैं॥ २७-२८॥

जो ब्राह्मण सर्वदा इनका स्मरण करते हैं, इन्हें नमस्कार करते हैं, इनका तर्पण करते हैं और इनकी पूजा करते हैं, वे ब्रह्मविद्याको प्राप्त कर लेते हैं। वैवस्वत मन्वन्तरका विस्तारसे वर्णन किया। सावर्ण (आठवाँ) तथा (नवाँ) दक्षसावर्ण मन्वन्तर भविष्यमें होंगे। दसवाँ ब्रह्मसावर्ण, ग्यारहवाँ धर्मसावर्ण, बारहवाँ रुद्रसावर्ण तथा तेरहवाँ रोचमान मन्वन्तर है। चौदहवाँ भौत्य मन्वन्तर कहा गया है। ये मनु क्रमसे भविष्यमें होंगे॥ २९—३१॥

मैंने नारायणद्वारा कहे गये भूत, भविष्य तथा वर्तमानके आख्यानोंसे उपबृंहित इस पूर्वभागको आप लोगोंसे कहा। जो (ब्राह्मण) इसे पढ़ेगा, सुनेगा अथवा श्रेष्ठ द्विजोंको* सुनायेगा, वह सभी पापोंसे मुक्त होकर ब्रह्माके साथ आनन्द प्राप्त करेगा। स्नान करनेके अनन्तर नदियोंके किनारोंपर अथवा देवमन्दिरमें भक्तिभावसे

सब पापों के विनाश के लिये नित्य शान्तचित्त होकर एक मास तक गोबर को खाते हुए यावक नामक व्रत को करे।

ग्रासं चन्द्रकलावृद्ध्या प्राश्नीयाद्वर्धयन्सदा।
ह्रासयेच्च कलाहानौ व्रत चान्द्रायणं चरेत् ॥११॥

चन्द्रमा की कला की वृद्धि के साथ सदा एक-एक ग्रास को बाढ़ाता हुआ भोजन करे, और फिर कला के ह्रास के साथ एक-एक ग्रास को घटाते हुए, इस प्रकार चान्द्रायण व्रत करे।

मुण्डस्त्रिषवणस्नायी अधःशायी जितेन्द्रियः।
स्त्रीशूद्रपतितानां च वर्जयेत्परिभाषणम् ॥१२॥

सिर मुंडवा कर त्रिषवण स्नान करे, जितेन्द्रिय होकर धरती पर शयन करे और स्त्रियों, शूद्रों और पतितों के साथ वार्तालाप का परित्याग करे।

पवित्राणि जपेच्छक्त्या जुहुयाच्चैव शक्तितः।
अयं विधिः स विज्ञेयः सर्वकृच्छ्रेषु सर्वदा ॥१३॥

शक्ति के अनुसार पवित्रो का जप करे और सामर्थ्य के अनुसार अग्नि में होम करे। व्रत करने वाले को सदा यह विधि सभी कृच्छ्रो में जाननी चाहिये।

पापात्मानस्तु पापेभ्यः कृच्छ्रैः सतारिता नराः।
गतपापादिकं यान्ति नात्र कार्या विचारणा ॥१४॥

अधम ते अधम अधम अति नारी। तिन्ह महँ मैं मतिमंद अघारी॥
कह रघुपति सुनु भामिनि बाता। मानउँ एक भगति कर नाता॥

जो अधमसे भी अधम हैं, स्त्रियाँ उनमें भी अत्यन्त अधम हैं; और उनमें भी हे पापनाशन! मैं मन्दबुद्धि हूँ। श्रीरघुनाथजीने कहा—हे भामिनि! मेरी बात सुन। मैं तो केवल एक भक्तिहीका सम्बन्ध मानता हूँ॥ २॥

अतः परं प्रवक्ष्यामि स्त्रीशूद्रपतनानि च ।
जपस्तपस्तीर्थयात्रा प्रव्रज्या मंत्रसाधनम् ।।१३५।।
देवताराधनं चैव स्त्रीशूद्रपतनानि षट् ।

इससे आगे स्त्री और शूद्रों के पतित होने के कारणों को कहता हूं। जप, तप, तीर्थो की यात्रा, सन्यास, मंत्र को सिद्ध करना, और देवता की आराधना—ये छः कर्म स्त्री और शूद्रों के पतित करने के हेतु है।

जीवद्भर्त्तरि या नारी उपोष्य व्रतचारिणी ।।१३६।।
आयुष्यं हरते भर्तुः सा नारी नरकं व्रजेत् ।
तीर्थस्नानार्थिनी नारी पतिपादोदकं पिबेत् ।।१३७।।

जो स्त्री पति के जीते हुए उपवास व्रत करती है वह स्त्री अपने पति की अवस्था को हरती है और स्वयं नरक को जाती है। यदि स्त्री को तीर्थ के स्नान की इच्छा हो तो अपने पति के चरणों को धोकर पीये।

शंकरस्यापि विष्णोर्वा प्रयाति परमं पदं ।
जीवद्भर्तरि वामांगी मृते वापि सुदक्षिणे ।।१३८।।

शिव अथवा विष्णु के पद को अर्थात् कैलाश और वैकुंठ को वह स्त्री प्राप्त होती है जो पति के जीते हुए वाम अंग में और पति के मरने पर दक्षिण अंग में स्थित होती है।

बृहस्पतिजी बोले—हम आपको अब श्राद्ध में दिये दान और उसके फलों को बतलायेंगे। जो मनुष्य श्राद्ध में अन्न का दान करता है। वह मनुष्य स्वर्ण के बने हुए दिव्य सुन्दरी अप्सराओं से भरे हुए विमान को प्राप्त करता है जो मनुष्य श्राध्द में औरन के लिए नया वस्त्र दान करे उसको ऐश्वर्य, सुन्दरता, पुत्र और दीर्घायु मिलती है। जो मनुष्य श्राद्ध कर्म में जनेऊ का दान करता है और सभी श्रेष्ठ पवित्र ब्राह्मणों को पानी पिलाते हैं, उसे ब्रह्म विद्या दान का फल प्राप्त होता है। जो मनुष्य श्राध्द के दिन कमंडुल दान करते हैं उसको गौ दान का फल प्राप्त होता है जो मनुष्य श्राध्द के समय चक्राकार चिन्ह से बना हुआ कमण्डुल दान करता है, उसके सभी मनोरथ सफल होते हैं। जो मनुष्य सुन्दर फूलों से सजी हुई शय्या दान करते हैं उसकी वह दान दी हुई उत्तम शय्या परलोक तक उसके साथ २ चलती है। श्राद्ध के दिन हीरे, मोती और रत्नों से सजी हुई शय्या दान करता है उसे स्वर्ग प्राप्त होता है। एक हजार घोड़ों का दान करने से, एक हजार हाथियों के दान करने से तथा सौ रथों के दान करने से वह मनुष्य योगिनी के साथ निवास करता है। जो मनुष्य श्रध्दा सहित पितरों के निमित्त दीपक जलाते हैं उसे एक हजार निष्कों के दान का फलप्राप्त होता है सभी प्राणियों के एक दूसरे

प्राणों की रक्षा का दान करना चाहिये, क्योंकि प्राणदान के समान
कोई दूसरा दान नहीं है। श्राद्धों में सोने के बर्तनों का दान करना
चाहिये। श्राद्ध के समय सभी प्रकार के खाद्य पदार्थों से भरा हुआ
चांदी का बर्तन दान करने से श्राद्ध करने वाले व्यक्ति के सभी मनो-
रथ पूर्ण होते हैं। जो व्यक्ति श्राद्ध में ब्याही हुई गाय के साथ दूध
दुहने के पात्र को दान करने से उसे बहुत सी गायों के पुण्य का फल
मिलता है। सरदी के मौसम में जो व्यक्ति अग्नि और सूखे ईंधन को
दान करता है वह मनुष्य हर समय विजयी होता है। श्री सम्पन्न
होकर सुखी रहता है। श्राध्द के समय फूल मालाओं को और सुन्दर
बर्तनों को दान करना चाहिये। जो मनुष्य आसन, शय्या, प्रचुर

74

कुमारीसम्भवस्त्वेकः सगोत्रायां द्वितीयकः ॥९॥
ब्राह्मण्यां शूद्रजनितश्चाण्डालस्त्रिविधः स्मृतः ।

ब्राह्मणी में शूद्र के द्वारा उत्पन्न किया हुआ चाण्डाल होता है और उसका धार्मिक क्रियाओं में अधिकार नहीं होता । चाण्डाल तीन प्रकार का माना गया है—एक कुमारी से उत्पन्न होने वाला, दूसरा सगोत्र से उत्पन्न होने वाला और (तीसरा) ब्राह्मणी में शूद्र के द्वारा उत्पन्न किया हुआ ।

वर्द्धकी नापितो गोप आशापः कुम्भकारकः ॥१०॥
वणिक्किरातकायस्थमालाकारकुटुम्बिनः ।
वरटो मेदचण्डालदासश्वपचकोलकाः ॥११॥
एतेऽन्त्यजाः समाख्याता ये चान्ये च गवाशनाः ।
एषां सम्भाषणात् स्नानं दर्शनादर्कवीक्षणम् ॥१२॥

वैवाहिक सबध के स्थायित्व का विचार वर्ण की दृष्टि से किया जाता था। वसिष्ठ का मत है कि जितना ही ऊँचा वर्ण होगा वैवाहिक जीवन उतना ही अधिक स्थाई होगा। इसी दृष्टि से विहित किया गया है कि यदि पति घर छोडकर चला जाए तो ब्राह्मण या क्षत्रिय की पत्नी जिसे सतान हो पाँच वर्ष तक प्रतीक्षा करेगी वैश्य की पत्नी चार वर्ष तक और शूद्र की तीन वर्ष तक राह देखेगी। यदि उसे सतान नही हो तो ब्राह्मण की स्थिति में प्रतीक्षा की अवधि एक वर्ष घट जाएगी और क्षत्रिय वैश्य तथा शूद्र की प्रतीक्षा अवधि दो दो वर्ष कम हो जाएगी।[267] इसके फलस्वरूप शूद्र की पत्नी को केवल एक वर्ष तक प्रतीक्षा करनी होगी। इस तरह के नियम से पुन यह अर्थ निकलता है कि निम्न वर्ण की स्त्रियाँ अपेक्षाकृत अधिक स्वाधीन होती थी और उनका विवाह सबध आसानी से विच्छेदन योग्य था।

किंतु उच्च वर्ण के पति अपनी शूद्र पत्नियों के प्रति समान बर्ताव नही करते थे। वसिष्ठ का कहना है कि काली जाति की शूद्र पत्नी को सुख संभोग के लिए रखैल रखा जा सकता है [268] पर उससे विवाह नही किया जा सकता।[269] इसी ग्रथ के एक परिच्छेद में यह अनुमति दी गई है कि आर्य शूद्र जाति की महिलाओं से विवाह कर सकता है यदि उस विवाह में समुचित वेदमत्रों का पाठ न किया जाए। किंतु स्वय वसिष्ठ इसे वाछनीय नहीं

← शतपथ ब्राह्मणम् खंड १...

मनोर्ह वाऽऋषभ आस। तस्मिन्नसुरघ्नी सपत्नघ्नी वाक्प्रविष्टास तस्य ह स्म श्वसथाद्रवथादसुररक्षसानि मृद्यमानानि यन्ति ते हासुराः समूदिरे पापं वत नोऽयमृषभः सचते कथं न्विमं दभ्नुयामेति किलाताकुलीऽइति हासुरब्रह्मा वासतुः ॥१४॥

तौ होचतुः। श्रद्धादेवो वै मनुरावं नु वेदावेति तौ हागत्योचतुर्मनो याजयाव त्वेति केनेत्यनेनर्षभेणेति तथेति तस्यालब्धस्य सावागपचक्राम ॥१५॥

सा मनोरेव जायांमनावीं प्रविवेश। तस्यै ह स्म यत्र वदन्त्यैशृण्वन्ति ततो ह स्मैवासुररक्षसानि मृद्यमानानि यन्ति ते हासुराः समूदिरऽइतो वै नः पापीयः सचते भूयो हि मानुषी वाग्वदतीति किलाताकुली हैवोचतुः श्रद्धादेवो वै मनुरावं न्वेव वेदावेति तौ हागत्योचतुर्मनो याजयाव त्वेति केनेत्यनयैव जाययेति तथेति तस्याऽआलब्धायै सा वागपचक्राम ॥१६॥

सा यज्ञमेव यज्ञपात्राणि प्रविवेश। ततो हैनां न शेकतुर्निर्हन्तुꣳ सैषासुरघ्नी वागुद्वदति स यस्य हैवं विदुष एतामत्र वाचं प्रत्युद्वादयन्ति पापीयाꣳसोहैवास्य सपत्ना भवन्ति ॥१७॥

मनु के पास एक बैल था। उसमें असुर को मारने वाली और शत्रु को मारने वाली वाणी घुस गई। जब वह हुँकारता और चिल्लाता तो असुर राक्षस मर जाते थे। तब असुरों ने कहा, 'यह यह बैल तो हमारा बड़ा अनर्थ करता है, इसको कैसे मारें ? 'असुरों के ऋत्विज थे 'किलात' और 'आकुली' ॥१४॥

यह दोनों बोले, 'कहते हैं कि मनु श्रद्धालु है, इसको जाचें'। तब वे मनु के पास गये और कहा, 'हे मनु, हम तुम्हारे लिये यज्ञ करना चाहते हैं'। मनु ने पूछा 'किस से'। उन्होंने कहा, 'इस बैल से'। उसने कहा, 'अच्छा'। बैल के मरने पर वाणी वहाँ से चली गई ॥१५॥

वह मनु की पत्नी मनावी में घुस गई। जब वह उस को बोलते हुये सुनते तो राक्षस और असुर मर जाते। तब असुरों ने कहा, 'यह तो और भी बुरा हुआ क्योंकि (बैल की अपेक्षा) मनुष्य अधिक बोलता है'। तब किलात और आकुली ने कहा, 'मनु को श्रद्धालु कहते हैं, चलो इसकी जाच करें'। वे उसके पास गये और कहा, 'हम तुम्हारे लिये यज्ञ करना चाहते हैं'। मनु ने पूछा, 'किससे ?' उन्होंने कहा, 'इस तेरी पत्नी से'। उसने कहा, 'अस्तु', उसके मर जाने पर वाणी उसमे से निकल गई ॥१६॥

कुमारीने घोर तपस्या की। इस प्रकार तपमें लगी हुई उस कन्याके समीप राजसम्पदा उपस्थित हुई। उस समय इन्द्रने उसे प्रत्यक्ष दर्शन देकर कहा—'शुभे! तुम कन्यावस्थामें ऋतुकालको प्राप्त हुई हो, इस कारण सदोष हो गयी हो। अतः किसी पतिका वरण करो, जिससे पवित्रताको प्राप्त होओगी।' यह सुनकर उस कन्याको बड़ी लज्जा हुई। उसने वर्धमानपुरमें जाकर हाथ उठाकर कहा—'यदि कोई कुलीन ब्राह्मण मेरा पाणिग्रहण करे, तो मेरी आधी तपस्या उसकी हो जायगी और मैं उसका कल्याण करूँगी।'

यह सुनकर किसी कोढ़ी ब्राह्मणने उसे बुलाकर कहा—यदि तू सदा मेरे कहे अनुसार चले, तो मैं तेरा पाणिग्रहण करके तेरे साथ विवाह करूँगा।

कुमारी बोली—द्विजश्रेष्ठ! तुम शास्त्रोक्त विधिसे मेरा पाणिग्रहण करो, मैं तुम्हारी प्रत्येक आज्ञाका पालन करूँगी। तदनन्तर ब्राह्मणने गृह्यसूत्रोक्त विधानसे देवता, अग्नि तथा गुरुके समीप उस

1147 (1167 / 1394) हण किया। विवाहके पश्चात्

दीर्घिका ब्राह्मणी पतिसे बोली—'नाथ! आज्ञा

सदा नमस्कार करें, अन्न-पान देकर सदैव उनकी पूजामें संलग्न रहें। सभी ब्राह्मण सब प्रकारके दान लेनेके अधिकारी हैं। दूसरा कोई दान लेनेमें समर्थ नहीं है। यदि लोभवश कोई दान ग्रहण करता है तो वह अधम गतिको प्राप्त होता है। तपस्यासे पवित्र हुआ ब्राह्मण पापरहित होता है। अतः प्रतिग्रह लेकर वह कष्टमें नहीं पड़ता और न उसे कोई पाप लगता है। जो हृदयमें सदा पवित्र [illegible] लगा रहता [illegible] नहीं प्राप्त [illegible] लोक और [illegible] ब्राह्मण यदि [illegible] सकते हैं, [illegible] ये ही स्वर्गलोकमें पहुँचानेवाले सनातन देवदेव हैं। ब्राह्मण पूजनीय हैं, वन्दनीय हैं; उन्हींमें सब कुछ प्रतिष्ठित है। वे ही इन सब लोकोंका परस्पर पालन करते हैं। अपने स्वाध्याय और तपको प्रकट न करनेवाले ब्राह्मण उत्तम व्रतवाले हैं। जो विद्या और व्रतमें स्नात हैं, दूसरेके आश्रित न रहकर जीवन-निर्वाह करते हैं, वे ब्राह्मण कुपित होनेपर कालसर्प बन जाते हैं; अतः उनका पूजन करना चाहिये, उन्हें कुपित नहीं करना चाहिये। अध्यात्मस्वरूपका चिन्तन करनेवाले ब्राह्मण ही सब प्राणियोंकी गति हैं। ब्राह्मण यदि विपत्तिमें पड़ा हो तो उसकी सब उपायोंसे रक्षा करे। ये ब्राह्मण मनुष्योंद्वारा सर्वत्र पूजा पाने योग्य हैं। फिर जो अपने चित्तको संयममें रखनेवाले तथा विशेषतः पुण्यक्षेत्रके निवासी हैं, उनके विषयमें तो कहना ही क्या है। जो द्विज विधिपूर्वक क्षेत्र-संन्यास तथा वृत्तिभेदके क्रम जानते हैं, वे क्षेत्रके पूर्ण फलके भागी होते हैं। प्राजापत्य, महीपाल, कपोत, ग्रन्थिक, कुटिक, वेताल, पद्म, हंस, धृतराष्ट्र, वक, कंक, गोपाल, त्रुटिक, प्रवर, गुटिक तथा दण्डिक—ये क्षेत्रवासी ब्राह्मणोंके भेद हैं।

अहिंसा, गुरु-शुश्रूषा, स्वाध्याय, शौच, संयम, सत्य तथा अस्तेय (चोरीका अभाव)—यह

अब शिवजी जहाँ-जहाँ जाते थे, वहाँ-वहाँ संक्षुभित, कामार्त एवं मदसे विकल इन्द्रियोंवाली स्त्रियाँ भी जाने लगीं। मुनियोंकी वे स्त्रियाँ अपने आश्रमोंको सूना छोड़ उनका इस प्रकार अनुसरण करने लगीं, जैसे करेणु

मदमत्त गजका अनुसरण करे। मुने! यह देखकर ऋषिगण क्रुद्ध हो गये एवं कहा कि इनका लिङ्ग भूमिपर गिर जाय। फिर तो महादेवका लिङ्ग पृथ्वीको विदीर्ण करता हुआ गिर गया एवं तब नीललोहित त्रिशूली अन्तर्धान हो गये॥ ६३—६६॥

उत्तरमें परम पूजनीय परापरेश्वर लिंग है, जिसके दर्शनमात्रसे निर्मल ज्ञानकी प्राप्ति होती है। दण्डखात नामक महातीर्थके समीप जब ब्राह्मणलोग परम
… उस समय प्रह्लादके
… दुष्ट दैत्यने मन–
… देवताओंको किस
… सकता है। इसका
… निश्चय किया कि
ब्राह्मण ही देवताओंके सबल होनेमें कारण हैं, क्योंकि देवता यज्ञमें दिये हुए भागका ही आहार करते हैं। यज्ञ वेदोंसे सम्पन्न होते हैं और वे वेद ब्राह्मणोंके अधीन हैं। अतः ब्राह्मण ही देवताओंके बल हैं। यदि ब्राह्मण नष्ट हो जायँ तो वेद स्वयं नष्ट हो जायँगे और जब वेद नष्ट हो जायँगे तब यज्ञ तो नष्ट ही हैं। यज्ञोंका नाश होते ही देवताओंका आहार छिन जायगा। इस प्रकार निर्बल हुए देवतालोग सुगमतापूर्वक जीते जा सकते हैं। देवताओंके परास्त होनेपर मैं ही तीनों लोकोंका सम्माननीय सम्राट होऊँगा।' यह सोचकर उसने ब्राह्मणोंको ही मार डालनेका बार–बार उद्योग किया। काशीमें आकर उस मायावी दैत्यने कितने ही ब्राह्मणोंका वध किया। श्रेष्ठ द्विज जिस किसी ओर भी समिधा और कुशा लानेके लिये जाते, उधर ही वनमें उन सबको पकड़कर वह दुर्बुद्धि दैत्य …ना लेता था। उसका रूप किसीको दिखायी नहीं देता था। देवता लोग भी उस

श्रीकृष्णने कहा—हे गरुड! यदि जो कोई भी प्राणी अनशनव्रत करके मृत्युका वरण करता है तो वह मानव-शरीर छोड़कर मेरे समान हो जाता है। निराहारव्रत करते हुए वह जितने दिन जीवित रहेगा, उतने दिन उसके लिये समग्र श्रेष्ठ दक्षिणासहित सम्पन्न किये गये यज्ञोंके समान हैं। यदि मनुष्य संन्यास-धर्मको स्वीकार करके तीर्थ अथवा घरमें अपने प्राणोंका परित्याग करता है तो उस अवधिमें वह प्रतिदिन पूर्वोक्त पुण्यका दुगुना फल प्राप्त करता है। शरीरमें महाभयंकर रोगके हो जानेपर अनशनव्रत करके जो मृत्युको प्राप्त करता है, पुनर्जन्म होनेपर उसके शरीरमें रोगकी उत्पत्ति नहीं होती है। वह देवतुल्य सुशोभित होता है। जो मनुष्य रुग्णावस्थामें संन्यास ग्रहण कर लेता है, वह इस दुःखमय अपार संसार-सागरकी भूमिपर पुनः जन्म नहीं लेता है।

हे गरुड! अपने बान्धवकी मृत्यु होनेपर उनके निमित्त बन्धुजन धर्मार्थ जो दान देते हैं, उसके विषयमें विशेष बात मैं कह रहा हूँ, उसको तुम सुनो।

हे पक्षिराज! अपने घरमें पहलेसे जो कुछ उपयुक्त वस्तु हो, उस मृतकके शरीरसे सम्बन्धित जो वस्त्र, पात्र और वाहन हो, जो कुछ उसको अभीष्ट रहा हो, वह सब एकत्र करे। शय्याके ऊपर भगवान् विष्णुकी स्वर्णमयी प्रतिमाको स्थापित करके विद्वान् व्यक्ति उनकी पूजा करे और जैसा पहले कहा गया है, उसीके अनुसार ब्राह्मणको उस मृतशय्याका दान कर दे।

शय्यादानके प्रभावसे प्राणीको प्राप्त होनेवाला सम्पूर्ण सुख इन्द्र और यमराजके घरमें विद्यमान रहता है। इसके प्रभावसे महाभयंकर मुखवाले यमदूत उसको पीड़ित नहीं करते हैं। वह मनुष्य यमलोकमें कहीं धूप और ठंडकसे कष्ट नहीं पाता है। शय्यादानके प्रभावसे प्रेत बन्धनमुक्त हो जाता है। इस दानसे पापी व्यक्ति भी स्वर्गलोक

संवत्सरेण पतति पतितेन सहाचरन् ॥
याजनाध्यापनाद्यौनादन्नपानासनादपि ॥

इन सब विषयोंमें पंडितोंने कहा है कि, पतितके साथ एक वर्ष तक संग, एक वर्ष तक यज्ञ करना, पढाना, संबन्ध करना, भोजन, जलपान, बैठना इनके करनेसे मनुष्य पतित होता है ।

अथाप्युदाहरंति–

विद्या प्रनष्टा पुनरभ्युपैति जातिप्रणाशे त्विह सर्वनाशः ॥
कुलापदेशेन हयोऽपि पूज्यस्तस्मात्कुलीनां स्त्रियमुद्वहंतीति ॥

और यह भी कहा है कि "विद्या नष्ट होने पर फिर भी मिल सकती है, परन्तु जातिका नाश होने पर सर्व नाश हो जाता है, वंशकी मर्यादाके बलसे घोडा भी सन्मान पाता है इस कारण अच्छे वंशकी स्त्रीके साथ विवाह करे;"

त्रयो वर्णा ब्राह्मणस्य वशे वर्तेरन् तेषां ब्राह्मणो धर्मं यं ब्रूयात्तं राजा चानुतिष्ठेत्। राजा तु धर्मेणानुशासत् षष्ठं षष्ठं धनस्य हरेत् । अन्यत्र ब्राह्मणात् । इष्टापूर्तस्य तु षष्ठमंशं भजति ॥ इति ह ब्राह्मणो वेदमाढ्यं करोति । ब्राह्मण आपद उद्धरति । तस्माद्ब्राह्मणोऽनाद्यः सोमोऽस्य राजा भवतीतीह प्रेत्य चाभ्युदयिकमिति ह विज्ञायते ॥

इति श्रीवाशिष्ठे धर्मशास्त्रे प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥

वसिष्ठने कहा—हे राजन्! शास्त्रवेत्ता अनेक प्रकारके धर्मोंका वर्णन करते हैं, किंतु कर्ममार्गसे विमोहित जन सूक्ष्मतया उनको नहीं जानते। दान, तीर्थ, तपस्या, यज्ञ, संन्यास तथा पितृक्रिया आदि सभी धर्म हैं, उन धर्मोंमें भी वृषोत्सर्गका विशेष महत्त्व है। मनुष्यको बहुत-से पुत्रोंकी अभिलाषा करनी चाहिये। यदि उनमेंसे एक भी पुत्र गया-तीर्थमें जाय, अश्वमेधयज्ञ करे अथवा नील वृषभ यथाविधि छोड़े तो जाने-अनजाने किये गये ब्रह्महत्या आदि पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। यह शुद्धि नील वर्णके वृषभका उत्सर्ग अथवा समुद्रमें स्नान करनेसे भी हो सकती है। हे राजेन्द्र! जिसके एकादशाहमें वृषोत्सर्ग नहीं होता, उसका प्रेतत्व स्थिर ही रहता है। मात्र श्राद्ध करनेसे क्या लाभ होगा? जिस-किसी भाँति नगर अथवा तीर्थमें वृषोत्सर्ग अवश्य करना चाहिये।

परित्याग तथा जितने मुख्य आचरण हैं, उनका परित्याग करता है और दूसरेके कर्ममें निरत रहता है वह निश्चित ही यमलोक जाता है।[१] जो शूद्र द्विज-सेवाके बिना अन्य कर्म करता है, वह यमलोक जाता है। तदनन्तर वह उत्तम-मध्यम या अधम कोटिवाले यमलोकमें पहुँचकर दुःख भोगता है।

जिस दिन स्नान, दान, जप, होम, स्वाध्याय और देवपूजन नहीं होता है, मनुष्योंका वह दिन व्यर्थ ही जाता है—

स्नानं दानं जपो होमो स्वाध्यायो देवतार्चनम्॥
यस्मिन् दिने न सेव्यन्ते स वृथा दिवसो नृणाम्।

(२४। १७-१८)

रसोद्भूत यह शरीर अनित्य, अध्रुव तथा

विष्ठ
शरी
विन
जीव
वार्ण
जन्म
स्मर
करन
महा
आत
नहीं
जहाँ
वृद्धा

यदुदञ्चो वृषाकपे गृहमिन्द्राजगन्तन.
क्व१ स्य पुल्वघो मृगः कमगञ्जनयोपनो विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः.. (२२)

हे इंद्र एवं वृषाकपि! तुम ऊपर को मुंह करके मेरे घर आओ. अनेक रसमय पदार्थों को खाने वाला तथा मनुष्यों को प्रसन्न करने वाला मृग कहां है? इंद्र सबसे श्रेष्ठ हैं. (२२)

पर्शुर्ह नाम मानवी साकं ससूव विंशतिम्.
भद्रं भल त्यस्या अभूद्यस्या उदरमामयद्विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः.. (२३)

हे इंद्र द्वारा छोड़े गए बाण! मनु की पुत्री पर्शु ने एक साथ बीस पुत्रों को जन्म दिया. जिसका पेट मोटा था, उसका कल्याण हुआ. इंद्र सबसे श्रेष्ठ हैं. (२३)

सूक्त—८७ देवता—राक्षसहंता अग्नि

रक्षोहणं वाजिनमा जिघर्मि मित्रं प्रथिष्ठमुप यामि शर्म.
शिशानो अग्निः क्रतुभिः समिद्धः स नो दिवा स रिषः पातु नक्तम्.. (१)

मैं राक्षसों के हंता शक्तिशाली यजमानों के मित्र और अधिक स्थूल अग्नि का घृत से हवन करता हूं एवं अग्नि के घर के पास जाता हूं. ज्वालाओं को तेज करने वाले अग्नि यजमानों द्वारा प्रज्वलित होते हैं. वे हमें हिंसक राक्षसों से रात-दिन बचावें. (१)

******ebook converter DEMO Watermarks*******

मार्कण्डेयजी कहते हैं—शालग्रामक्षेत्रमें हरिकेश नामसे विख्यात एक श्रेष्ठ ब्राह्मण रहते थे। वे शिल और उञ्छवृत्तिसे* जीवन-निर्वाह करते थे। बड़े ही धर्मात्मा और सत्यपरायण थे। उनकी धर्मपत्नी ब्राह्मणी भी उत्तम व्रतका पालन करनेवाली, यशस्विनी, पतिव्रता, परम सौभाग्यवती और पतिसेवामें संलग्न रहनेवाली थी। वह स्त्री समयपर रजस्वला हुई और ब्राह्मणने ऋतुकालमें उसके साथ सहवास किया। ब्राह्मणीके गर्भसे सौ पुत्र उत्पन्न हुए। वे सभी कपिलापुरमें रहते थे। ब्राह्मणदेवता शिलोञ्छवृत्तिके प्रयोगसे एक प्रस्थ अन्न प्रतिदिन उपार्जन करते थे। इससे उनके बच्चे भूखसे दुर्बल होकर बड़े करुण स्वरमें रोते रहते थे। बालकोंको भूखा देख माता शोक और पीड़ासे व्याकुल रहती थी। एक दिन वह अत्यन्त दुःखसे कातर हो पतिसे बोली, 'आर्यपुत्र! बूढ़े माता-पिता, साध्वी पत्नी और छोटी अवस्थावाले बालक—इन सबका प्रयत्नपूर्वक भरण-पोषण करना चाहिये, यही सनातन धर्म है। यों तो सभी पोष्यवर्गका भरण-पोषण आवश्यक है, परंतु पुत्रोंके पालन-पोषणपर तो विशेष ध्यान देना चाहिये।'

वस्तुका स्पर्श ही करे। उच्छिष्ट दशामें सूर्य, चन्द्रमा, तारे, देवता और अपने मस्तककी ओर देखना भी मना है। बहन, बेटी अथवा माताके साथ भी एकान्तमें न बैठे; क्योंकि इन्द्रिय-समुदाय दुर्जय होता है; उनसे विद्वान् पुरुष भी मोहमें पड़ जाते हैं।* यदि गुरुदेव घरपर आ जायँ तो उनके लिये स्वयं उठकर यत्नपूर्वक आसनकी व्यवस्था करे और चरणोंमें मस्तक रखकर प्रणाम करे। विद्वान् मनुष्य उत्तर और पश्चिमकी ओर सिर करके कभी न सोवे। सिरहानेकी ओर दक्षिण दिशा अथवा पूर्वदिशाको रखकर शयन करना चाहिये। रजस्वला स्त्रीका दर्शन-स्पर्श न करे, उसके साथ बातचीत भी नहीं करनी चाहिये। जलके भीतर मल-मूत्र और मैथुन न करे। भगवान् शिवके भक्तको चाहिये कि वह अपने वैभवके अनुसार देवता, मनुष्य,

---

* ...त्रा मात्रा वा नैकान्तासनमाचरेत्। दुर्जयो हीन्द्रिय

165 (185 / 1394)

अपात्रीकरण पातक करनेपर एक मासतक चान्द्रायणव्रत करनेसे शुद्धि होती है। मलिनीकरण पातक होनेपर तीन दिनतक तप्तयावकका पान करे। क्षत्रियका वध करनेपर ब्रह्महत्याका चौथाई प्रायश्चित्त विहित है। वैश्यका वध करनेपर अष्टमांश, सदाचारी शूद्रका वध करनेपर षोडशांश प्रायश्चित्त करे। बिल्ली, नेवला, नीलकण्ठ, मेढक, कुत्ता, गोह, उलूक, काक अथवा चारोंमेंसे किसी वर्णकी स्त्रीकी हत्या होनेपर शूद्रहत्याका प्रायश्चित्त करे। स्त्रीकी अज्ञानवश हत्या करके भी शूद्रहत्याका प्रायश्चित्त करे। सर्पादिका वध होनेपर 'नक्तव्रत' और अस्थिहीन जीवोंकी हत्या होनेपर 'प्राणायाम' करे ॥ १८—२८ ॥

औषध अ
दूध पीकर
मित्रप
वीर्यपात व
फुफेरी ब
बहनसे ग
मनुष्येतर
अन्य स्था
मनुष्य 'कृ
स्त्रीके सा
मैथुन क
चाण्डाल
समागम

जातिमात्रोपजीवी वा कामं स्याद्ब्राह्मणब्रुवः ।
धर्मप्रवक्ता नृपतेर्न तु शूद्रः कथंचन ॥ २० ॥

केवल जातिसे जीविका करनेवाला, कर्मरहितभी, ब्राह्मण राजाकी ओरसे धर्मवक्ता होसक्ता है, परंतु शूद्र कभी नहीं हो सक्ता ॥ २० ॥

यस्य शूद्रस्तु कुरुते राज्ञो धर्मविवेचनम् ।
तस्य सीदति तद्राष्ट्रं पङ्के गौरिव पश्यतः ॥ २१ ॥

जिस राजाके यहां धर्मका विचार शूद्र करता है उसके देखते २ वह राज्य ऐसा दुखी होता है कि जैसे कीचमें फँसी गौ दुखी होती है ॥ २१ ॥

यद्राष्ट्रं शूद्रभूयिष्ठं नास्तिकाक्रान्तमद्विजम् ।
विनश्यत्याशु तत्कृत्स्नं दुर्भिक्षव्याधिपीडितम् ॥ २२ ॥

जो राज्य बहुतसे शूद्रोंसे भरा, नास्तिकोंसे युक्त और द्विजरहित होता है वह सब देश अकाल और व्याधिसे पीड़ित हो शीघ्र नष्ट हो जाता है ॥ २२ ॥

धर्मासनमधिष्ठाय संवीताङ्गः समाहितः ।
प्रणम्य लोकपालेभ्यः कार्यदर्शनमारभेत् ॥ २३ ॥

वस्त्र पहिनकर, सावधान होकर, धर्मके आसनपर बैठकर और लोकपालों प्रणाम करके कार्यका देखना आरंभ करै ॥ २३ ॥

अर्थानर्थावुभौ बुद्ध्वा धर्माधर्मौ च केवलौ ।
वर्णक्रमेण सर्वाणि पश्येत्कार्याणि कार्यिणाम् ॥ २४ ॥

के समान दण्डके योग्य है ॥ १८ ॥

वध्यो राज्ञा स वै शूद्रो जपहोमपरश्च यः ॥
यतो राष्ट्रस्य हंतासौ यथा वह्नेश्च वै जलम् ॥ १९ ॥

जप, होम इत्यादि ब्राह्मणोंके उचित कर्ममें रत होनेसे शूद्रका राजा वध करै, कारण कि जलधारा जिस प्रकारसे अग्निको नष्ट करती है, उसी प्रकारसे यह जप होममें तत्पर हुआ शूद्र सम्पूर्ण राज्यका नाश करता है ॥ १९ ॥

प्रतिग्रहोऽध्यापनं च तथाऽविक्रेयविक्रयः ॥
याज्यं चतुर्भिरप्येतैः क्षत्रविट्पतनं स्मृतम् ॥ २० ॥

---

१ शास्तिः शासनम् ।

अथाप्युदाहरंति-

विद्या प्रनष्टा पुनरभ्युपैति जातिप्रणाशे त्विह सर्वनाशः ॥
कुलापदेशेन हयोऽपि पूज्यस्तस्मात्कुलीनां स्त्रियमुद्वहंतीति ॥

और यह भी कहा है कि "विद्या नष्ट होने पर फिर भी मिल सकती है, परन्तु जाति-का नाश होने पर सर्व नाश हो जाता है, वंशकी मर्यादाके बलसे घोडा भी सन्मान पाता है इस कारण अच्छे वंशकी स्त्रीके साथ विवाह करे;"

त्रयो वर्णा ब्राह्मणस्य वशे वर्तेरन् तेषां ब्राह्मणो धर्मं यं ब्रूयात्तं राजा चानुतिष्ठेत्। राजा तु धर्मेणानुशासत् षष्ठं षष्ठं धनस्य हरेत् । अन्यत्र ब्राह्मणान् । इष्टापूर्तस्य तु षष्ठमंशं भजति ॥ इति ह ब्राह्मणो वेदमाद्यं करोति । ब्राह्मण आपद उद्धरति । तस्माद्ब्राह्मणोऽनाद्यः सोमोऽस्य राजा भवतीतीह प्रेत्य चाभ्यु दयिकमिति ह विज्ञायते ॥

इति श्रीवाशिष्ठे धर्मशास्त्रे प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥

तीन वर्णोंको ब्राह्मण वशमें रक्खे, ब्राह्मण उनको जिस धर्मका उपदेश दे राजा उसे प्रचलित करे, राजाके धर्मानुसार राज्य पालन करने पर ब्राह्मणको छोड कर और सब प्रजा से राजा छठा भाग ले, राजा ब्राह्मणोंके इष्टापूर्त्त धर्मकार्यके छठे भागको लेता है, यह प्रसिद्ध है कि ब्राह्मण ही वेदका आदि प्रकाशक है, ब्राह्मण ही सबको आपत्तियोंसे उद्धार करता है, इस कारण ब्राह्मण अनादि है और करग्रहण करनेके अयोग्य है, चन्द्रमा ब्राह्मणोंका राजा है, यही इसलोक और परलोकका कल्याण करनेवाला है यह विदित है ।

इति वशिष्ठस्मृतौ भाषाटीकायां प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥

इमां त्वमिन्द्र मीढ्वः सुपुत्रां सुभगां कृणु.
दशास्यां पुत्राना धेहि पतिमेकादशं कृधि.. (४५)

हे अभिलाषापूरक इंद्र! तुम इस वधू को शोभन पुत्रों-वाली एवं सौभाग्यशालिनी बनाओ. तुम इसमें मुझे दस पुत्रों को दो एवं मेरे पति को ग्यारहवां करो. (४५)

सम्राज्ञी श्वशुरे भव सम्राज्ञी श्वश्र्वां भव.
ननान्दरि सम्राज्ञी भव सम्राज्ञी अधि देवृषु.. (४६)

ऐसा कहा है कि, महीने २ में ऋतुमती होनेसे सम्पूर्ण पाप नष्ट हो जाते हैं, वह स्त्री रजस्वला होने पर तीन दिन तक अशुद्ध रहती है, रजस्वला स्त्री नेत्रोंमें अंजन न लगावे, उबटन न करे जलमें स्नान न करे, पृथ्वी पर शयन करे, अग्निका स्पर्श न करे और रस्सीको न धोवे, दांतोंको न धोवे, मांसको न खाय, घरको न देखे, हँसे नहीं और कुछ कर्म न करे, छोटे पात्रमें अंजुलिसे जल न पिये और लोहेके पात्रसे भी जल पीनेका निषेध है, यह शास्त्रसे जाना गया है, कि इन्द्रने तीन शिरवाले त्वष्टाके पुत्र विश्वरूपको मार कर अपनेको पापसे गृहीत माना तब उस इन्द्रको सब प्राणियोंने इस प्रकार कोशा कि, हे ब्रह्महत्या करनेवाले ३ तब वह इन्द्र स्त्रियोंके निकट जा कर यह बोला कि इस मेरी ब्रह्महत्याका पापका तीसरा

भाग तुम ग्रहण करो, स्त्रियोंने यह सुन कर कहा कि हमें क्या होगा, तब इन्द्रने कहा कि वर मांगो तब स्त्रियोंने कहा कि हमें ऋतुकालमें सन्तानकी प्राप्ति हो, तब इन्द्रने कहा कि हम आज्ञा देते हैं और प्रसन्न हो कर कहते हैं कि तुम्हें इच्छानुसार सन्तानकी प्राप्ति हो, फिर स्त्रियोंने कहा कि गर्भके रहने पर भी सन्तान होनेके समय तक हम पुरुषके साथ मैथुन करसकें एक वर हमको यह भी मिले; तब इन्द्रने कहा कि "अच्छा" ऐसा ही होगा, तब वह स्त्रियें उस हत्याका तीसरा भाग ग्रहण करती हुई, प्रत्येक महीने २ में वही हत्या प्रगट होती है; इस कारण रजस्वला स्त्रीने अन्न नहीं खाना इसी कारण रजस्वला स्त्री रजरूपी ब्रह्महत्याको महीने महीनेमें छोडके मुक्त होती है जैसे सर्प केंचलीको छोडके मुक्त हो जाता है।